# देवभूमि को नशामुक्त बनाने का लिया संकल्प

**जयहरीखाल।** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल के एंटी ड्रग्स सेल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त देवभूमि अभियान के तहत नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

उद्घाटन प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने किया। उन्होंने बताया कि नशे की दुष्प्रवृत्ति या नशीली दवाओं का दुरुपयोग मौत के बड़े कारणों में से एक है।

धूम्रपान, नशीली दवाओं और शराब के अत्यधिक सेवन से भी लगभग हर साल 3,50,000 मौतें होती हैं। हमारे देश में जागरूकता की कमी है। इसी वजह से यह जहर हमारे समाज और देश से हट नहीं रहा है। अब समय आ गया है कि हम नशीली दवाओं के दुरुपयोग की गंभीरता को समझें और जितना संभव हो सके, इससे दूर रहें।

वाणिज्य, विज्ञान और कला संकाय के नोडल अधिकारी डॉ. वरुण कुमार, डॉ. प्रीति रावत और डॉ. वंदना ध्यानी बहुगुणा ने तीनों संकायों में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त देवभूमि में सकारात्मक भागीदारी कर अपने गांव, पड़ोस और परिजनों को भी इस अभियान से जोड़ने और वर्ष 2025 तक देव भूमि उत्तराखंड को नशा मुक्त करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे। संवाद

अमर उजाला

देहरादून | शुक्रवार, 25 अक्तूबर 2024

# साफ-सफाई कर स्वच्छता का लिया संकल्प

## नगर और आसपास के पर्वतीय क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों, सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों में हुए कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

कोटद्वार। नगर और आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत एक घंटा स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई। इस मौके पर छात्र-छात्राओं और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने स्वच्छता की शपथ ली।

**कूड़े को एकत्र कर किया निस्तारण :** जयहरीखाल। पीजी कालेज, जयहरीखाल के एनएसएस स्वयंसेवियों ने सेवा पखवाड़े के तहत एक घंटा स्वच्छता अभियान चलाया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना नौटियाल के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर व क्षेत्र में कूड़े को एकत्र कर उसका निस्तारण किया। प्राचार्य प्रो. लवनी राजवंशी ने कहा कि स्वच्छता अभियान महात्मा गांधी के प्रति हमारी स्वच्छाजंलि है। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. भगवती पंत, डॉ. नीना शर्मा, डॉ. शुभम काला आदि मौजूद रहे।

**अमर उजाला**

देहरादून | सोमवार, 2 अक्तूबर 2023

---

## लैंसडौन में चलाया स्वच्छता अभियान

**लैंसडौन:** पर्यटन नगरी समेत निकटवर्ती क्षेत्रों में श्रमदान के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर लोगों ने स्वच्छता के मूलमंत्र को अपने जीवन में आत्मसंगत करने का संकल्प लिया।

भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डा. लवली आर राजवंशी के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़े के तहत अभियान चलाया गया। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा की स्वच्छता अभियान महात्मा गांधी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर डा. नीना शर्मा, डा. शुभम काला, राजीव रजवार, शालिनी आदि मौजूद थे। छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी साकिब आलम के नेतृत्व में छह वार्डों में स्वच्छता दूतों के साथ अभियान चलाकर कचरा एकत्र किया गया। इस मौके पर एई समर विजय सिंह राणा, सफाई निरीक्षक दीपक मिश्रा, संजय कन्नौजिया, लता खंडेलवाल, अशोक जौहरी आदि मौजूद थे। आर्मी पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य विजेंद्र सुंद्रियाल के नेतृत्व में अभियान छेड़ा गया। (संस)

**दैनिक जागरण** देहरादून, 2 अक्टूबर, 2023

---

## लैंसडौन में अभियान का दिखा असर

लैंसडौन। पर्यटन नगरी में स्वच्छता अभियान का असर लोगों में देखने को मिला। बच्चों से लेकर स्वच्छता दूतों ने अभियान चलाकर नगर क्षेत्र के कचरे को इकट्ठा करने के साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। भक्त दर्शन महाविद्यालय की प्राचार्य डा. लवली आर राजवंशी के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़े के तहत अभियान चलाया। इस मौके पर डा. नीना शर्मा, डा. शुभम काला, राजीव रजवार, शालिनी थे।

देहरादून, सोमवार, 2 अक्तूबर 2023

**हिन्दुस्तान** www.livehindustan.com

4 दैनिक जागरण देहरादून, 2 अक्टूबर, 2023

कोटद्वार जागरण

# अभियान चलाकर दिया गया स्वच्छता का संदेश

विद्यार्थियों ने कहा, **स्वच्छ व स्वस्थ भारत** निर्माण में हम सभी को सहयोग करना होगा

## लैंसडौन में चलाया स्वच्छता अभियान

**लैंसडौन:** पर्यटन नगरी समेत निकटवर्ती क्षेत्रों में श्रमदान के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर लोगों ने स्वच्छता के मूलमंत्र को अपने जीवन में आत्मसंगत करने का संकल्प लिया।

भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डा. लवली आर राजवंशी के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़े के तहत अभियान चलाया गया। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा की स्वच्छता अभियान महात्मा गांधी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर डा. नीना शर्मा, डा. शुभम काला, राजीव रजवार, शालिनी आदि मौजूद थे। छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी साकिब आलम के नेतृत्व में छह वार्डों में स्वच्छता दूतों के साथ अभियान चलाकर कचरा एकत्र किया गया। इस मौके पर एई समर विजय सिंह राणा, सफाई निरीक्षक दीपक मिश्रा, संजय कन्नौजिया, लता खंडेलवाल, अशोक जौहरी आदि मौजूद थे। आर्मी पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य विजेंद्र सुंद्रियाल के नेतृत्व में अभियान छेड़ा गया। (संस)

# गढ़वाल में साफ-सफाई को सड़क पर उतरे लोग

गढ़वाल में रविवार को विभिन्न संगठनो, छात्र-छात्राओं और आम लोगों ने सफाई अभियान चला कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। मंत्रियों, विधायकों, सांसदों ने भी आम लोगों के साथ सड़क पर उतर कर अभियान में भागीदारी की। लोगों ने स्वच्छता का संकल्प लिया।

हिन्दुस्तान

देहरादून
सोमवार
2 अक्तूबर 2023

## लैंसडौन में अभियान का दिखा असर

लैसडौन। पर्यटन नगरी में स्वच्छता अभियान का असर लोगों में देखने को मिला। बच्चों से लेकर स्वच्छता दूतों ने अभियान चलाकर नगर क्षेत्र के कचरे को इकट्ठा करने के साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। भक्त दर्शन महाविद्यालय की प्राचार्य डा. लवली आर राजवंशी के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़े के तहत अभियान चलाया। इस मौके पर डा. नीना शर्मा, डा. शुभम काला, राजीव रजवार, शालिनी थे।

अमर उजाला

देहरादून | सोमवार, 2 अक्तूबर 2023

जीआईसी कण्वघाटी, जीजीआईसी कलालघाटी, राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

**कूड़े को एकत्र कर किया निस्तारण : जयहरीखाल।** पीजी कालेज, जयहरीखाल के एनएसएस स्वयंसेवियों ने सेवा पखवाड़े के तहत एक घंटा स्वच्छता अभियान चलाया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना नौटियाल के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर व क्षेत्र में कूड़े को एकत्र कर उसका निस्तारण किया। प्राचार्य प्रो. लवली राजवंशी ने कहा कि स्वच्छता अभियान महात्मा गांधी के प्रति हमारी स्वच्छांजलि है। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. भगवती पंत, डॉ. नीना शर्मा, डॉ. शुभम काला आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला | कोटद्वार | amarujala.com

# 'मौलिक कणों से मिलकर बने हैं ब्रह्मांड के सारे पदार्थ'

## पीजी कॉलेज जयहरीखाल में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन वैज्ञानिकों ने अपने शोध पत्र किए प्रस्तुत

संवाद न्यूज एजेंसी

जयहरीखाल। पीजी कालेज जयहरीखाल में राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन देशभर से जुटे वैज्ञानिकों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। वैज्ञानिकों ने विज्ञान के क्षेत्र में हुई प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा, ब्रह्मांड के सारे पदार्थ कुछ मौलिक कणों से मिलकर बने हैं।

संगोष्ठी में जाकिर हुसैन कॉलेज दिल्ली विवि की भौतिक विज्ञान विभाग की प्राध्यापक डॉ. सीमा रावत ने ब्रह्मांड के रहस्यों व मौलिक कणों के अध्ययन पर विस्तार से बताया। उनके अनुसार ब्रह्मांड के सारे पदार्थ कुछ मौलिक कणों से मिलकर बने हैं, जिन्हें फॉमऑन (लेप्टॉन, क्वार्क) और बोसॉन में वर्गीकृत किया जा सकता है। इनमें से क्वार्क एकजुट होकर सम्मिश्रण बनाते हैं, जिन्हे हेड्रॉन कहते हैं। वहीं, दून विवि की डॉ. इंदिरा ने कहा कि फ्रैंकटल पैटर्न की अप्लीकेशन भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में है।

**सेमिनार में भौतिक विज्ञान से जुड़े विशेषज्ञों, प्रोफेसरों और छात्रों ने किया प्रतिभाग**

एचएनबी गढ़वाल विवि पौड़ी परिसर के प्रो. अरुण सिंह रावत ने इलेक्ट्रो मैगनेटिक डुवेंलिटी और क्वाटर नियोन के बारे मे चर्चा की। क्वांटम यूनिवर्सिटी रुड़की के डॉ. चिरंजीत मांझी ने ध्वनि के वेग निकलने की विधि के बारे में बताया।

रानीखेत के डॉ. प्रतीक शर्मा ने आइस्टीन के सापेक्षिता सिद्धांत पर प्रकाश डाला। गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार की डॉ. महिमा, डॉ. हेमलता व डॉ. सौम्या ने पोस्टर माध्यम के विभिन्न आयामों को दर्शाया।

कार्यक्रम सयोजक डॉ. कमल कुमार और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शुभम काला ने बताया कि सेमिनार में देश व प्रदेश के विभिन्न भागों से भौतिक विज्ञान से जुड़े विशेषज्ञों सहित स्नातकोत्तर छात्रों, पीएचडी छात्रों, संकाय सदस्यों और वरिष्ठ प्रोफेसरों सहित 100 से अधिक प्रतिभागियों ने शोधपत्र प्रस्तुत किए।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने सभी को सम्मानित किया। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय सतपुली के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार, डॉ. एसपी मधवाल, डॉ. वीके सैनी, डॉ. संजय मदान, डॉ. सहजाद, डॉ. आरके द्विवेदी, डॉ. अजय रावत, डॉ. अभिषेक कुकरेती आदि मौजूद रहे।



राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध छात्र को सम्मानित करता कॉलेज प्रबंधन। संवाद

देहरादून | सोमवार, 2 अक्तूबर 2023

# वैदिक विज्ञान संस्कृति ही विज्ञान की जननी

## विज्ञान में नवीन प्रगति विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया



भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि दलीप सिंह रावत को प्रतीक चिन्ह भेट करती प्राचार्य प्रो. लवली रानी राजवंशी ● जागरण

संवाद सहयोगी, लैंसडौन : भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक विज्ञान में नवीन प्रगति विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें लैंसडौन विधायक दलीप सिंह रावत ने कहा कि हमारी वैदिक विज्ञान संस्कृति ही आज के विज्ञान की जननी है। इसे ही आधार मानकर आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होने सनातन धर्म में विज्ञान की महत्ता का उल्लेख किया।

संगोष्ठी का शुभारंभ विधायक दलीप सिंह, गढ़वाल विवि के प्रो. हेमवंती नंदन, प्रो.नरेंद्र सिंह व प्राचार्य डा. लवली राजवंशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान मुख्या वक्ता प्रो. हेमवंती नंदन ने सौरमंडल के निर्माण से जुड़े हुए विभिन्न विषयों से पृथ्वी की उत्पत्ति पर चर्चा की। नैनीताल से आए प्रो. नरेंद्र सिंह ने हिमालय में प्रदूषण की स्थिति व प्राकृतिक आपदाओं के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि विकास पर्यावरण को ध्यान में रखकर वैज्ञानिक आधार पर होना चाहिए। इस दौरान आईएनएसटी मोहाली के प्रो. आकाश दीप व एनआईटी जालंधर से डा. प्रवीन मलिक समेत कई वक्ताओं ने भी विचार रखे। इस मौके पर डा. कमल कुमार डा. शुभम, प्रो. यूसी गैरोला, प्रो. अरुण रावत मौजूद रहे।

देहरादून, 1 अक्टूबर ,2023 दैनिक जागरण 5

# भाषण में नवनीत व स्लोगन में विकास रहे प्रथम

**संवाद सहयोगी, लैंसडौनः** भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत भाषण समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। भाषण में नवनीत रावत व स्लोगन में विकास ने प्रथम स्थान हासिल किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा.एलआर राजवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि रचनात्मक गतिविधियां इंसान के संपूर्ण विकास के लिए बेहद जरूरी है।

नमामी गंगे कार्यक्रम के नोडल अधिकारी वरुण कुमार ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का कराने का मूल उद्देश्य सभी छात्र-छात्राओं के मन में स्वच्छता के प्रति भाव उत्पन्न कराने का है। भाषण प्रतियोगिता में नवनीत रावत प्रथम, मानसी भट्ट द्वितीय व कुमकुम तृतीय रही। स्लोगन प्रतियोगिता में विकास प्रथम, तनु द्वितीय, आस्था बिष्ट तृतीय स्थान पर रही। चित्रकला प्रतियोगिता में विकास प्रथम, अदीप सिंह द्वितीय व खुशबू तृतीय रही। निर्णायक मंडल में डा.प्रीति रावत, डा.अभिषेक कुकरेती, डा.मोहमद शहजाद, डा.शिप्रा, डा.कृतिका क्षेत्री, डा.अर्चना नौटियाल, डा.विनिता, डा.शेफाली रावत, डा.नेहा शर्मा, डा.शुभम काला आदि शामिल रहे। संचालन हिंदी विभाग के प्राध्यापक डा. उमेश ध्यानी ने किया।

दैनिक जागरण
www.jagran.com देहरादून,23 सितंबर ,2023

# बलिदानियों के शौर्य और पराक्रम को किया याद

## कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर विभिन्न संगठनों ने किया कार्यक्रम का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

कोटद्वार। नगर और आसपास के पर्वतीय क्षेत्र में कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गई। इस मौके पर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके शौर्य और पराक्रम को याद किया गया।

जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने कारगिल युद्ध के बलिदानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष विनोद डबराल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश महामंत्री रंजना रावत, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल, रमेश चंद्र खंतवाल, शंकेश्वर प्रसाद सेमवाल, प्रवेश रावत, विमलेश नेगी और हयात सिंह मेहरा आदि मौजूद रहे।

कौड़िया स्थित गब्बर सिंह कैंप तिराहे पर आयोजित कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में बलिदानी राइफलमैन भूपेंद्र सिंह रावत 19 गढ़वाल राइफल के हवलदार मान सिंह नेगी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर बलिदानी भूपेंद्र सिंह के पिता पद्म सिंह, माता भारती देवी और बलिदानी मान सिंह नेगी के भाई मदन सिंह नेगी को सम्मानित किया गया।

पूर्व पार्षद सुभाष पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नरेंद्र चौहान, विनय भाटिया, मनोज शर्मा, मंजू देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लता पांडेय आदि मौजूद रहे। किंगडम ऑफ हेवन चाइल्ड केयर संस्था ने इस मौके पर पौधरोपण किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बच्चों को मार्शल आर्ट्स के माध्यम से आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। बलूनी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का उद्घाटन बलूनी क्लासेस की डायरेक्टर अभिलाषा भारद्वाज ने किया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों और नृत्य की प्रस्तुति दी।

महादेव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हाईस्कूल जशोधरपुर में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जेपी बहुखंडी, आनरेरी कैप्टन वीरेंद्र सिंह नेगी, प्रबंधक जितेंद्र डोबरियाल, कोषाध्यक्ष मंजुल डबराल व खुशीराम जखमोला ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर बलिदानी लांसनायक धनवीर सिंह राणा की पुत्री आकांक्षा, बलिदानी लांसनायक बिजेंद्र की पत्नी अनीता को सम्मानित किया गया। संचालन जसपाल ने किया। राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में प्राचार्य प्रो. वीके अग्रवाल के नेतृत्व में सभी प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गान कर बलिदानियों को नमन किया। भारत सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल की एनएसएस इकाई की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी।



श्रद्धांजलि अर्पित करतीं प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी। - संवाद

### जयहरीखाल में बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि

जयहरीखाल। पीजी कॉलेज जयहरीखाल में कारगिल विजय दिवस को शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने कहा कि भारतीय इतिहास में आज का दिन गौरवशाली दिन के रूप में अंकित है। यह दिन हमारी विजय गाथा की याद दिलाता है। आज के दिन ही कारगिल के युद्ध में हमारे जांबाज वीर सैनिकों ने वीरता का परिचय देते हुए दुश्मन की सेना को पराजित कर टाइगर हिल पर जीत का तिरंगा फहराया था। इस मौके पर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स एवं छात्रों ने देशभक्ति गीत की शानदार प्रस्तुति दी। संवाद

### भारतीय सेना देश का गौरवः ऋतु खंडूड़ी

कोटद्वार। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय लैंसडौन की ओर से बदरीनाथ मार्ग स्थित नगर निगम प्रेक्षागृह में शौर्य दिवस पर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर बलिदानी सैनिकों के परिजनों को सम्मानित भी किया गया। उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी और जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ओम प्रकाश फरस्वाण (से.नि.) और कर्नल अजय कुंवर (से.नि.) ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने सभी वीर सपूतों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर बलिदानी नायक हरेंद्र सिंह, बलिदानी नायक सुरेंद्र सिंह, बलिदानी भरत सिंह, सुरमान सिंह के परिजनों के साथ ही विभिन्न सैनिक संगठनों के अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। संवाद

### कविता पाठ में नेहरू सदन और भाषण में टैगोर सदन रहा अव्वल

लैंसडौन। आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन में शौर्य दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। कविता पाठ में नेहरू सदन और भाषण प्रतियोगिता में टैगोर सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उद्घाटन सूबेदार मेजर दिग्विजय सिंह, सेना मेडल ट्रेनिंग सूबेदार मेजर जीआरआरसी एवं प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। सूबेदार मेजर दिग्विजय सिंह ने बलिदानियों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। इस मौके पर आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता में नेहरू सदन, सुभाष सदन, टैगोर सदन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में टैगोर सदन, सुभाष सदन, शिवाजी सदन क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। कारगिल विजय दिवस पर लघु नाटिका कारगिल के हीरो की प्रस्तुति को खूब सराहा गया। कक्षा छठवीं की अपेक्षा नेगी ने गढ़वाली देशभक्ति गीत की शानदार प्रस्तुति दी। संवाद

अमर उजाला
देहरादून | शनिवार, 27 जुलाई 2024

# पेयजल टैंक और संपर्क मार्ग के लिए 16 लाख रुपये स्वीकृत

## भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की जल्दी ही बदलेगी तस्वीर

संवाद न्यूज एजेंसी

**लैंसडौन।** सैलगांव स्थित भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला योजना के अंतर्गत बीस हजार लीटर के टैंक व संपर्क मार्ग के लिए 16 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। महाविद्यालय में वर्षों से चली आ रही पेयजल की किल्लत तो दूर होगी ही, निकट भविष्य में होने वाले यूजीसी नेक के सर्वे में भी इसका लाभ मिलेगा।

पूर्व छात्र परिषद की संरक्षक

**जिला पंचायत सदस्य ने 10 लाख रुपये से संपर्क मार्ग बनाने की बात**

प्राचार्य डॉ.एलआर राजवंशी ने बजट स्वीकृति पर खुशी जताते हुए इसे कॉलेज के लिए बड़ी उपलब्धि बताया।

महाविद्यालय के पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष अनुज खंडेलवाल की अध्यक्षता में गत दिनों हुई बैठक में कॉलेज के विकास पर व्यापक चर्चा की गई थी। कॉलेज की पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए टैंक निर्माण और कॉलेज को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए संपर्क मार्ग बनाने का मुद्दा उठाया गया था।

बैठक में मौजूद पूर्व छात्र व जिला पंचायत सदस्य कुलभूषण ने इन योजनाओं के लिए बजट स्वीकृति के लिए योजनाएं जिला प्लान में रखने की बात कही थी। जिस पर दोनों योजनाओं के लिए 16 लाख रुपये का प्रस्ताव रखा गया था। जिसे गत दिनों पौड़ी में हुई जिला योजना की बैठक में स्वीकृति मिल गई।

जिला पंचायत सदस्य कुलभूषण ने बताया कि महाविद्यालय में पेयजल के लिए 20 हजार लीटर के टैंक का निर्माण जल्द शुरू करवाया जाएगा। मुख्य मार्ग से महाविद्यालय के लिए 10 लाख रुपये की योजना से संपर्क मार्ग बनाने की बात उन्होंने कही।

पूर्व छात्र परिषद की बैठक में संजय रावत, बालेंदु कृष्ण नेगी, भावना वर्मा, आशीष रावत, संदीप रावत, ऋषि रावत, अनिल भट्ट, पवनिका चंदोला, डॉ. डीसी बेबनी आदि उपस्थित रहे।

अमर उजाला

देहरादून | शनिवार, 27 जुलाई 2024

# पेयजल टैंक व मार्ग को 16 लाख स्वीकृत

- भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की पेयजल समस्या होगी दूर
- मुख्य मार्ग से महाविद्यालय के लिए 10 लाख की योजना से संपर्क मार्ग बनेगा



सैलगांव में स्थित डा. भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय • जागरण

**संवाद सहयोगी, जागरण • लैंसडौनः** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लैंसडौन में वर्षों से चली आ रही पेयजल की समस्या दूर होने की उम्मीद जगी है। दरअसल, कालेज में 20 हजार लीटर के पेयजल टैंक के साथ संपर्क मार्ग निर्माण के लिए जिला योजना की बैठक में 16 लाख के बजट को स्वीकृति मिल गई है। महाविद्यालय में पेयजल टैंक बनने से गर्मियों में छात्रों को पेयजल के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

महाविद्यालय के पूर्व छात्र परिषद की बैठक में पेयजल संपर्क व संपर्क मार्ग को मुद्दा जोरों से उठाया गया। बैठक में मौजूद पूर्व छात्र व जिला पंचायत सदस्य कुलभूषण ने इन योजनाओं के लिए बजट स्वीकृत करवाने के लिए सहमति जताई। जिला पंचायत सदस्य कुलभूषण की ओर से गत दिनों हुई जिला योजना की बैठक में दोनों योजनाओं के लिए 16 लाख रुपये का बजट रखा गया, जिसे स्वीकृति मिल गई है। जिला पंचायत सदस्य कुलभूषण ने बताया कि बजट स्वीकृत होने के बाद महाविद्यालय में पेयजल का 20 हजार लीटर के टैंक का निर्माण जल्द शुरू करवा लिया जाएगा। जबकि मुख्य मार्ग से महाविद्यालय के लिए 10 लाख रुपये की योजना से संपर्क मार्ग बनाने की बात कही गई है। भक्त दर्शन राजकीय स्नाताकोत्तर महाविद्यालय में इसी सत्र से छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा भी शुरू की जा रही है। इधर, पूर्व छात्र परिषद की संरक्षक डा.एलआर राजवंशी ने कहा कि पूर्व छात्र परिषद महाविद्यालय के विकास के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। टैंक बनने से कालेज में पेयजल का स्टोरेज तो बढ़ेगा ही, निकट भविष्य में होने वाले नेक के सर्वे में भी कालेज को फायदा मिलेगा।

**दैनिक जागरण**
देहरादून, 27 जुलाई, 2024

# टैंक-संपर्क मार्ग के लिए 16 लाख मंजूर

**लैंसडौन, संवाददाता।** सैलगांव स्थित भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूर्व छात्र परिषद के प्रयासों से जिला योजना के अंतर्गत बीस हजार लीटर के टैंक औश्र संपर्क मार्ग के लिए सोलह लाख रुपये के बजट को स्वीकृति मिली है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पौड़ी में हुई बैठक में पानी के टैंक और सम्पर्क मार्ग निर्माण की मंजूरी दी गई है।

जिला योजना से स्वीकृत इस बजट से महाविद्यालय में वर्षों से चली आ रही पेयजल की किल्लत तो दूर होगी ही, महाविद्यालय तो निकट भविष्य में होने वाले नैक के सर्वे में भी इसका लाभ मिलेगा। पूर्व छात्र परिषद की संरक्षक प्राचार्य डा. एलआर राजवंशी ने बजट स्वीकृति पर खुशी जताते हुए इसे कॉलेज के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है। महाविद्यालय के पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष अनुज खंडेलवाल की अध्यक्षता में गत दिनों हुई बैठक में कालेज के विकास पर व्यापक चर्चा की गई। इस मौके पर कॉलेज की पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए टैंक के निर्माण समेत कालेज को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए संपर्क मार्ग बनाने का मुद्दा जोरो से उठाया गया। जिला पंचायत सदस्य कुलभूषण ने बताया की बजट स्वीकृत हो गया है। बताया बजट स्वीकृत होने के बाद महाविद्यालय में पेयजल के बीस हजार लीटर के टैंक का निर्माण जल्द शुरू करवा लिया जाएगा। जबकि मुख्य मार्ग से महाविद्यालय के लिए दस लाख रुपयेकी योजना से संपर्क मार्ग बनाने की बात उन्होंने कही।

**हिन्दुस्तान**
देहरादून, शनिवार, 27 जुलाई 2024

# कालेज परिसर में अभियान चलाकर किया कूड़ा एकत्र

- जयहरीखाल में छात्र-छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान
- हर व्यक्ति स्वच्छता की शुरूआत घर व मोहल्ले से करें

संवाद सहयोगी, लैंसडौनः भक्त दर्शन राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में छात्र-छात्र स्वच्छता ने अभियान चलाकर कालेज परिसर में सफाई की। इस दौरान प्राचार्य प्रो एलआर राजवंशी ने संक्रामक बीमारियों को रोकने के लिए स्वच्छता बेहद जरूरी है। उन्होने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

सैलगांव में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने किया। उन्होंने कहा की हर व्यक्ति को स्वच्छता की शुरूआत अपने घर व मोहल्ले से करनी चाहिए। इस दौरान उन्होने संक्रामक रोगों से होने वाली बीमारियों से सावधानी के प्रति छात्रों को जागरूक किया। कार्यक्रम के इस दौरान छात्रों ने कालेज परिसर समेत सैलगांव आदि में अभियान चलाकर कूड़ा एकत्र किया। अभियान में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्रवक्ता भी शामिल हुए। जबकि पूर्व छात्र परिषद ने भी कार्यक्रम में भागीदारी की। इस दौरान परिषद के अध्यक्ष अनुज खंडेलवाल, उपाध्यक्ष भावना वर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष रावत, पत्रकार प्रकाश असवाल समेत डा. पंकज कुमार, डा .कमल कुमार डा.भगवती प्रसाद पंत डां राकेश द्विवेदी, डां पवनिका चंदौला, डा. नीना शर्मा, डा.नेहा शर्मा, डा. रेखा यादव सहित प्रशासनिक अधिकारी सतीश चंद्र पोखरियाल व राजीव रजवार, कुलदीप बिष्ट, विनोद सिंह, बालेन्दु नेगी, रूप सिंह, सोनू, साजन आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

दैनिक जागरण
देहरादून, 21 जून, 2023



जयहरीखाल स्थित भक्त दर्शन राजकीय पीजी कॉलेज में सांस्कृतिक एकता दिवस पर कार्यक्रम में शामिल कलाकार। संवाद

# विविधता में एकता, भारतीय संस्कृति की पहचान : प्रो. राजवंशी

**जयहरीखाल पीजी कॉलेज में हुए सांस्कृतिक विविधता कार्यक्रम में बोले प्राचार्य**

**जयहरीखाल।** भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में बीएड विभाग की ओर से भारत की. सांस्कृतिक विविधता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय परिसर में मंगलवार को सांस्कृतिक एकता दिवस के मौके पर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो.एलआर राजवंशी ने कहा कि हमारे देश में संस्कृतियों के बीच अच्छा समन्वय है। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश ध्यानी ने कहा कि हमारे व्यवहार व संस्कृतियां अभिन्न रूप से जुड़े हुए हैं।

वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.आरके द्विवेदी ने देश की संस्कृति को विदेशियों द्वारा अपनाने के बारे में बताया। वक्ताओं ने कहा कि भारत अनेक संस्कृतियों, भाषाओं, धर्मों, जातियों एवं संप्रदायों का देश है।

इससे पहले बीएड विभाग के डॉ.आरके सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया। आशीष गौड़ के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में डॉ.एसपी मधवाल, डॉ.डीसी बेवनी, डॉ.वीके सैनी, डॉ.अजय रावत, डॉ.प्रीति रावत, राजीव रजवार, प्रकाश, अंजय आदि ने विचार रखे। बीएड संकाय के छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाउनी, जौनसारी, पंजाबी आदि प्रस्तुति दी।

अंतरसंकाय गौरा देवी, अलकनंदा, नंदा देवी व तीलू रौतेली सदन के बीच हुई सांस्कृतिक प्रतियोगिता में नंदा देवी सदन प्रथम रहा। तीलू द्वितीय व अलकनंदा सदन तृतीय रहे। नंदा देवी सदन की रिया, रागिनी, पूजा, साक्षी व राहुल की नंदा देवी जात यात्रा प्रस्तुति में प्रथम रही। संवाद

अमर उजाला

देहरादून | बुधवार, 12 जून 2024

अमर उजाला

देहरादून | रविवार, 19 मई 2024

# छात्राओं को मिलेगी कॉलेज छात्रावास की सुविधा

जयहरीखाल। भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नए शिक्षा सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अब दूरस्थ क्षेत्रों से पढ़ने आने वाली छात्राओं को छात्रावास की सुविधा भी दी जाएगी।

प्राचार्या डॉ. लवनी राजवंशी ने बताया कि क्षेत्र का यह पहला कॉलेज होगा, जो छात्राओं को छात्रावास की सुविधा प्रदान कर उन्हें स्नातकोत्तर की शिक्षा देगा। वहीं, समर्थ पोर्टल नोडल अधिकारी डॉ. कमल कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में प्रवेश दिए जाएंगे।

कला संकाय प्रवेश प्रभारी डॉ.उमेश ध्यानी ने कहा कि हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र में अध्ययन की सुविधा है। विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान, गणित एवं भू-विज्ञान विषयों में पंजीकरण शुरू कर दिए गए हैं। डॉ. वीके सैनी, डॉ. शुभम काला ने बताया कि किसी भी बोर्ड से इंटर उत्तीर्ण विद्यार्थी महाविद्यालय में पंजीकरण करा सकते हैं। संवाद

# युवा बने उद्यमी, रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

संवाद सहयोगी, लैंसडौन : महाराजा अग्रसेन हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय पोखड़ा के तत्वावधान में वाणिज्य संकाय व करियर काउंसिलिंग सेल की ओर से भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में उद्यमिता विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। बतौर मुख्य वक्ता महाराजा अग्रसेन हिमालयन गढ़वाल विवि के डिप्टी रजिस्ट्रार डा. कोविंद कुमार ने कहा कि युवाओं के उद्यमिता की ओर अग्रसर होने से देश की अर्थव्यवस्था जहां मजबूत होगी, वहीं इससे रोजगार के अवसरों का सृजन होगा।

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. आरके द्विवेदी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप जलाकर की।



भक्त दर्शन राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में विचार रखते वक्ता • जागरण

कार्यक्रम के संयोजक डा. पंकज कुमार व डा. वरुण कुमार ने कहा कि एक सफल उद्यमी बनने के लिए एक अलग सोच, नवाचार, नेतृत्व क्षमता, नियंत्रण, कुशल प्रशासक की योग्यताएं होना आवश्यक है। देश का युवा अपनी उद्यमिता क्षमताओं को विकसित कर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अपना अमूल्य योगदान दे सकते हैं।

दैनिक जागरण देहरादून, 31 मई, 2023

## वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित




जयहरीखाल। भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल के वार्षिक समारोह में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही नमामि गंगे कार्यक्रम की वार्षिक पत्रिका का विमोचन भी किया गया। वार्षिक समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि लैंसडौन के विधायक दिलीप रावत ने किया। उन्होंने मेधावी, अनुशासित एवं जी-20 कार्यक्रमों में प्रतभिाग करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। सम्मानित होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में पूनम, शिवांगी, ऋषभ महारा, शालिनी नेगी, आकांक्षा नेगी, मोहित सिंह नेगी, योगिता, मोनिका रावत, सर्वश्रेष्ठ अनुशासित तनीषा, मोहित बिष्ट, साक्षी रहे। संवाद

**अमर उजाला**

देहरादून | बृहस्पतिवार, 25 मई 2023

## स्वस्थ मस्तिष्क से ही बनेगा स्वस्थ समाज

संवाद सहयोगी, लैंसडौनः लैंसडौन विधायक दलीप सिंह रावत ने कहा की स्वस्थ मस्तिष्क से ही स्वस्थ समाज की परिकल्पना की जा सकती है। उन्होंने छात्रों से शिक्षोत्तर व रचानत्मक गतिविधियों में अपनी प्रतिमा का लोहा मनवाकर क्षेत्र का नाम पूरी दुनिया में रोशन करने का आह्वान किया। बुधवार को भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक दलीप सिंह रावत ने किया। कहा कि छात्रों को शिक्षा के साथ हीं अपनी रूचि के विषयों पर ध्यान फोकस कर करियर बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने पीजी कालेज की वार्षिक पत्रिका नमामि गंगे का विमोचन भी किया।

विशिष्ट अतिथि सतपुली महाविद्यालय के प्राचार्य डा.संजय कुमार ने कहा कि जयहरीखाल क्षेत्र में इस महाविद्यालय ने कई आयाम स्थापित किए हैं। छात्रसंघ ने विधायक का खेल मैदान, कामन रूम, शौचालय, व्यायामशाला के जीर्णोधार की ओर ध्यान उत्कृष्ट करवाया। इस दौरान छात्र-छात्राओं की ओर से प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। छात्रों ने गढ़वाली लोकगीतों के साथ लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी।

**तनीषा, साक्षी व अनुजा रहे सर्वश्रेष्ठ:** कला संकाय में तनीषा व मोहित बिष्ट, विज्ञान में साक्षी व सतेंद्र कुमार एवं वाणिज्य में अनुजा व नागेंद्र देवरानी को सर्वश्रेष्ठ छात्र और छात्राओं को पुरस्कार से नवाजा गया।

**दैनिक जागरण**

देहरादून, 25 मई, 2023

# विकास में पूर्व छात्रों की भूमिका अहम

संवाद सहयोगी, जागरण • लैंसडौन : भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डा.लवनी आर.राजवंशी ने कहा कि महाविद्यालय के विकास में पूर्व छात्रों की भागीदारी अहम है। पूर्व छात्र परिषद की ओर से किए जा रहे कार्यों का लाभ कालेज को नेक के मूल्यांकन में जरूर मिलेगा। प्राचार्य ने पूर्व छात्रों से भविष्य में भी सक्रिय रूप से भागीदारी करने का आह्वान किया है।



जयहरीखाल सैलगांव में स्थित भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूर्व छात्रों की ओर से पार्क बैंच प्रदान करने के मौके पर मौजूद प्राचार्य डा. एलआर राजवंशी समेत अन्य सदस्यगण • जागरण

शुक्रवार को कालेज के पूर्व छात्र परिषद ने महाविद्यालय को दस पार्क बैच प्रदान किए। इस मौके पर आयोजित परिषद की बैठक में प्राचार्य डा. लवनी आर.राजवंशी ने कहा की पूर्व छात्र परिषद वर्तमान में महाविद्यालय की स्थापना से लेकर वर्तमान पूर्व छात्रों को जोड़ने में सक्रिय भागीदारी निभा रही है। इस महाविद्यालय का इतिहास बेहद गौरवशाली रहा है। महाविद्यालय के छात्र वर्तमान परिपेक्ष्य में देश के अनेकों क्षेत्रों में अपने हुनर से कामयाबी का परचम लहरा रहे हैं। गत माह के दौरान कालेज में आयोजित किया। पूर्व छात्र सम्मेलन भी इस महाविद्यालय के इतिहास में गिना जाएगा। उन्होंने भविष्य में भी महाविद्यालय को अपना सहयोग बराबर देने का आह्वान किया।

परिषद के अध्यक्ष अनुज खंडेलवाल ने कहा कि जल्द ही जयहरीखाल, गुमखाल, कोटद्वार समेत कई नगरों में रहने वाले पूर्व छात्रों की बैठक महाविद्यालय मे आयोजित कर भविष्य के कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी। पूर्व छात्र परिषद से जुड़ने के लिए छात्रों में भी काफी उत्साह है। परिषद के सचिव डा.डीसी बेबनी ने कहा कि पूर्व छात्र अपने सामाजिक सरोकारों की जिम्मेदारी महाविद्यालय के प्रति निभा रहे हैं, ये सबके लिए गर्व की बात है। परिषद की सदस्य पवनिका चंदोला ने पूर्व छात्रों की ओर से कालेज में वाटिका के साथ अन्य गतिविधियां आयोजित करने के सुझाव दिए।

**दैनिक जागरण**
देहरादून, 11 मई, 2024

## 'नए और पूर्व छात्र बनाएं आपस में तालमेल'

**जयहरीखाल।** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षकों व पूर्व छात्रों की बैठक हुई। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पूर्व छात्रों से महाविद्यालय के विकास एवं अध्ययनरत छात्रों के मार्गदर्शन पर चर्चा हुई। शुक्रवार को आयोजित बैठक में प्राचार्या प्रो. एलआर राजवंशी ने बताया कि वर्ष 1972 में महाविद्यालय की स्थापना युवाओं को बेहतर उच्च शिक्षा देने के उद्देश्य से की गई थी। यहां पढ़े अधिकांश छात्र आज राजनीति, सरकारी सेवाओं, भारतीय सेना सहित प्राइवेट सेक्टर में विभिन्न क्षेत्रों में मजबूती से काम कर रहे हैं। इससे पहले प्राचार्या प्रो. एल आर राजवंशी ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के विकास में नवीन छात्र और पूर्व छात्र सहयोग करते हैं। संवाद

**अमर उजाला**
देहरादून | शनिवार, 11 मई 2024

# स्वच्छता पखवाड़ाः प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित



भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित स्वच्छता पखवाड़े में लोकनृत्य प्रस्तुत करने वाले कलाकार प्राचार्य एलआर राजवंशी व मुख्य अतिथियों के साथ • जागरण

संवाद सहयोगी, लैंसडौन : भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नमामि गंगे के तहत चल रहा स्वच्छता पखवाड़ा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया ।

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि दिगम्बर सिंह रावत, पीटीए अध्यक्ष विनोद सिंह नेगी, मदन सिंह के अलावा प्राचार्य डा. एलआर राजवंशी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। पोस्टर प्रतियोगिता में अंकिता नेगी ने प्रथम, तनुज ने द्वितीय, प्रफुल्ल नेगी व लोकमान रावत ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि स्लोगन में हेमंत ने प्रथम, सूरज भंडारी ने द्वितीय, संजना तृतीय स्थान पर रही। निबंध में हेमंत प्रथम, लोकमान रावत द्वितीय, विवेक बलूनी तृतीय जबकि कविता पाठ में दिशा मैंदोला प्रथम, अंकिता नेगी द्वितीय, व हेमंत तृतीय स्थान पर रहे। भाषण में मानसी भट्ट प्रथम, तनिषा द्वितीय, नवीन लखेड़ा तृतीय स्थान पर रहे। जबकि गंगा रन बालक वर्ग में लोकमान सिंह रावत प्रथम, अमित सिंह द्वितीय व तनुज कुमार तृतीय रहे। जबकि बालिका वर्ग में निशा प्रथम, वंदना द्वितीय, व भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नुक्कड़ नाटक में प्रतिभाग करने पर छात्रा वर्षा, दिशा मैंदोला, काजल रावत, विवेक बलूनी, स्वाती नेगी, सूरज भंडारी, प्राची, अमित कुमार, तनुज कुमार, नवीन लखेड़ा, साक्षी, सिमरन, तनुजा, मोनिका, मानसी भट्ट, वंदना अभिलाषा के अभिनय को सराहा गया। जबकि हेमंत, साक्षी, स्वेता, खुशबू, तनुजा, नितिका, ने ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में वीके सैनी, अजय रावत, उमेश ध्यानी, अभिषेक कुकरेती, डा. आरके सिंह डा. विनिता, श्रद्धा, शैफाली, अंजली मौजूद रहे।

दैनिक जागरण
देहरादून, 2 अप्रैल, 2023

अमर उजाला कोटद्वार
देहरादून | बृहस्पतिवार, 30 मार्च 2023
amarujala.com
8

# नुक्कड़ नाटक से लोगों को दिया सफाई का संदेश

## गंगा स्वच्छता पखवाड़े के तहत आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

**जयहरीखाल।** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जयहरीखाल के छात्र-छात्राओं ने नमामि गंगे कार्यक्रम के गंगा स्वच्छता पखवाड़े के तहत क्षेत्र में रैली निकाल और गुमखाल मुख्य बाजार में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गंगा और उसकी सहायक नदियों को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया।

प्राचार्य प्रो. लवनी रानी राजवंशी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाविद्यालय से शुरू हुई रैली कोटद्वार पौड़ी हाईवे होते हुए गुमखाल बाजार पहुंची। इसके बाद महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। कविता पाठ प्रतियोगिता में दिशी मैंदोला, अंकिता नेगी, हेमंत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में मानसी भट्ट, तनीषा, नवीन लखेड़ा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

यहां नोडल अधिकारी वरुण कुमार, डॉ. अजय रावत, डॉ. वीके सैनी, डॉ. आरके द्विवेदी रहे। संवाद

### नशामुक्ति की शपथ दिलाई, रैली भी निकाली

**धुमाकोट।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. थान सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय नैनीडांडा की एंटी ड्रग सेल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों व समस्त स्टाफ को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर जागरूकता अभियान भी चलाया। संवाद

### स्वच्छता मशाल के तहत नयार नदी में की सफाई

**सतपुली।** संयुक्त राष्ट्र संघ के आह्वान पर स्वच्छता मशाल मार्च अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को नगर पंचायत की ओर से नयार नदी के किनारे स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान व्यापार मंडल समिति के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने सफाई अभियान में सहयोग किया। यहां नायब तहसीलदार सुधा डोभाल, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सीमा रावत, भाजपा नेता वेद प्रकाश वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष जयदीप नेगी, प्रेम सिंह रावत, सुनील डंडरियाल एवं ग्रीन पब्लिक स्कूल के छात्र आदि रहे। संवाद

# नेक के लिए बढ़ाएं पूर्व छात्रों की भागीदारी

- डा. भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुई कार्यशाला
- राष्ट्रीय स्तर की कार्यशालाएं आयोजित करने पर जोर

संवाद सहयोगी, लैंसडौन: डा. भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में नेक के लिए राष्ट्रीय स्तर की कार्यशालाएं आयोजित करने के साथ ही पूर्व छात्रों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस मौके पर कालेज नेक शोध एवं अनुसंधान पर चर्चा की गई।

शुक्रवार को भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'उच्च शिक्षण संस्थानों की नेक के अवलोकन से हेल्स की गुणवत्ता में वृद्धि' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन नेक के राज्य प्रभारी प्रो. दीपक पांडे, प्राचार्य प्रो.एलआर राजवंशी व कोटद्वार के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.जानकी पंवार और सतपुली के राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा.संजय कुमार ने किया। कार्यशाला में नेक प्रभारी व नोडल अधिकारी डा. दीपक पांडे ने पूर्व छात्र परिषद की भूमिका, राष्ट्रीय स्तर की कार्यशालाओं के साथ नेक के सर्वे में सम्मिलित बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद जयहरीखाल महाविद्यालय ने पूर्व में भी नेक के सर्वे में जनपद में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस वर्ष होने वाले नेक के सर्वे में कालेज बेहतरीन प्रदर्शन करेगा। प्राचार्य डा. जानकी पंवार, महाराजा अग्रसेन हिमालयन विश्वविद्यालय के प्रो. कोविंद कुमार, डा. कमल कुमार ने भी विचार रखे। संचालन डा. कमल कुमार व शुभम काला ने किया।



डा. भक्त दर्शन राजकीय स्नाताकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मौजूद मुख्य वक्ता नेक के राज्य प्रभारी डा. दीपक पांडे, प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी व अन्य ● जागरण

दैनिक जागरण देहरादून, 23 मार्च, 2024

# नैक मूल्यांकन की तैयारियों के बारे में दी जानकारी

जयहरीखाल। भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जयहरीखाल में उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से नैक के परिदृश्य में उच्च शिक्षण संस्थानों में गुणवत्ता संवर्द्धन विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसमें प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं को नैके मूल्यांकन की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

उद्घाटन मुख्य वक्ता एवं प्रदेश स्तरीय नैक के नोडल अधिकारी प्रो. दीपक पांडे ने किया। उन्होंने नैक के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के को-ऑडिनेटर डॉ. आरके द्विवेदी ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से महाविद्यालय की ओर से नैक मूल्यांकन की तैयारियों के बारे में अवगत कराया। डॉ. कोविद कुमार ने नैक में शोध एवं अनुसंधान की महत्ता पर परिचर्चा की। डॉ. मुकेश रावत ने नैक के सातों क्राइट एरिया के बारे में विस्तार से समझाया। संवाद

अमर उजाला
देहरादून | शनिवार, 23 मार्च 2024

## न्यूज डायरी

### रोवर्स रेंजर्स को दिया टेंट लगाने का प्रशिक्षण

जयहरीखाल। भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में रोवर्स रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया है। उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. लवनी आर राजवंशी ने किया। रोवर्स प्रभारी डॉ. अभिषेक कुकरेती और रेंजर्स प्रभारी डॉ. विनीता ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिला प्रशिक्षक आयुक्त गाइड पौड़ी शांति रतूड़ी ने रोवर्स रेंजर्स को प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी। जिला संगठन आयुक्त स्काउट रूप चंद्र लखेड़ा ने रोवर्स रेंजर्स को विभिन्न प्रकार के टेंट लगाना, विभिन्न प्रकार गांठे, दिशा का ज्ञान, आपदा के दौरान मरीज को लाने व ले जाने के लिए स्ट्रेचर का प्रयोग के बारे में बताया। संवाद

अमर उजाला

देहरादून | बृहस्पतिवार, 21 मार्च 2024

अमर उजाला

देहरादून | शनिवार, 23 मार्च 2024

### रोवर्स-रेंजर्स को दिया टैंट बनाने का प्रशिक्षण

जयहरीखाल। भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में चल रहे रोवर्स-रेंजर्स का तीन दिवसीय शिविर के अंतिम दिन शुक्रवार को रोवर्स-रेंजर्स को टैंट बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

शिविर के अंतिम दिन जिला प्रशिक्षण आयुक्त शांति रतूड़ी और जिला संगठन आयुक्त रूपचंद्र लखेड़ा ने रोवर्स-रेंजर्स को टैंट बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर रेंजर्स ने विभिन्न राज्यों की पोशाक पहनकर स्वादिष्ट भोजन बनाया। साथ ही आकर्षक रंगोलियां भी तैयार की गईं। इस दौरान अतिथियों ने शिविर का निरीक्षण किया और रोवर्स-रेंजर्स से शिविर में प्राप्त अनुभवों की जानकारी ली। समारोह में मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने कहा कि स्काउट हमें दूसरों के लिए जीने की कला सिखाता है। संवाद

# पोस्टर प्रतियोगिता में विज्ञान वर्ग की कुमकुम अव्वल

संवाद सहयोगी, लैंसडौन : राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वदेशी विज्ञान एवं विकसित भारत विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय की कुमकुम रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नेहा रावत द्वितीय, नेहा तृतीय, कला संकाय से मोनिका प्रथम, निकिता रावत द्वितीय, तनिशा तृतीय, वाणिज्य संकाय से अनुज प्रथम, एकता द्वितीय, साक्षी तृतीय, बीएड संकाय से साक्षी नेगी प्रथम, विवेक बलूनी द्वितीय, प्रतीक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डा.लवनी राजवंशी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा.राकेश कुमार द्विवेदी, प्राध्यापक डा.एसपी मधवाल, डा.कमल कुमार, डा.डीसी बेबनी, डा.शुभम काला, डा.संजय मदान आदि मौजूद रहे। आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता का आरंभ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डा.अनुज कुमार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## प्रतियोगिता में प्रिया रही अव्वल, लोकेश द्वितीय स्थान पर रहे

संवाद सहयोगी, कोटद्वार : विज्ञान दिवस पर पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (यूसर्क) की ओर से आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रिया रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महान भौतिक विज्ञानी डा.चंद्रशेखर वेकेंटरमन द्वारा की गई उत्कृष्ट वैज्ञानिक खोज के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने बताया कि 28 फरवरी 1928 को देश के भौतिक शास्त्री डा.चंद्रशेखर वेंकेट रमन द्वारा एक उत्कृष्ट वैज्ञानिक खोज की गयी थी, जिसे रमन प्रभाव के नाम से जाना जाता है। पोस्टर प्रतियोगिता में लोकेश द्वितीय, अर्चना तृतीय, स्लोगन प्रतियोगिता में आर्यन चौहान प्रथम, यश चौहान द्वितीय व भावना तृतीय, निबंध प्रतियोगिता में अंशु रावत प्रथम, कनिष्का कैंथाला द्वितीय व दुर्गेश तृतीय, विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में शिव रमोला प्रथम, अंशु रावत तृतीय, यश चौहान द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में शिक्षक दिनेश बिष्ट, प्रमोद रावत, नीरज रमोला आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण
देहरादून, 1 मार्च, 2024

# पोस्टर में कुमकुम मोनिका, अनुजा और साक्षी रहे प्रथम

जयहरीखाल। उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (यूसर्क) की ओर से पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर मेले का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में कुमकुम, मोनिका, अनुजा, साक्षी संकायों में प्रथम स्थान पर रहे।

मेले का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने किया। विशिष्ट अतिथि प्राध्यापक डॉ. अनुज कुमार ने वैज्ञानिक सोच की परिकल्पना के बारे में विस्तार से बताया।

पोस्टर में विज्ञान संकाय में कुमकुम, नेहा रावत, नेहा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में मोनिका, निकिता रावत, तनीषा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में अनुजा, एकता व साक्षी, बीएड संकाय में साक्षी नेगी, विवेक व प्रतीक ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रही। भाषण में कार्तिक, आयुषी, नवनीत, कला वर्ग में तनीषा रावत, मोनिका, निकिता रावत क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। संवाद

अमर उजाला
देहरादून | शुक्रवार, 1 मार्च 2024



मशाल जलाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन करतीं प्राचार्य प्रो. राजवंशी। संवाद

## भास्कर व कविता ने फेंका सबसे दूर भाला

जयहरीखाल। महाविद्यालय, जयहरीखाल में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हो गई। पहले दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं हुईं। भाला फेंक प्रतियोगिता में भास्कर और कविता ने अपने-अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

खेल मैदान में प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने किया। इसके बाद गत वर्ष की चैंपियन तनूजा ने मशाल दौड़ लगाई। साथ ही प्रतिभागी छात्र-छात्रों ने मार्च पास्ट निकाला। इस मौके पर हुई 100 मीटर दौड़ में भास्कर, नवनीत, दुष्यंत, 200 मीटर दौड़ में नवनीत, प्रफुल्ल एवं हिमांशु क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे। छात्रा वर्ग की 100 और 200 मी दौड़ में राधिका, शीतल एवं तनूजा ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाया। चक्का फेंक में भास्कर-कविता प्रथम, दुष्यंत-वंदना द्वितीय, मोहम्मद शाहिद-सानिया तृतीय रहे। संवाद

अमर उजाला

देहरादून | मंगलवार, 20 फरवरी 2024

## 200 मीटर दौड़ में नवनीत रावत प्रथम

संवाद सहयोगी, लैंसडौन: डा. भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिक क्रीड़ा समारोह में दो सौ मीटर दौड़ बालक वर्ग में नवनीत रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में दुष्यंत अव्वल रहे। छात्रों ने मार्चपास्ट का आयोजन कर सलामी दी।



लैंसडौन सैलगांव के डा. भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित करते हुए • जागरण

सोमवार को महाविद्यालय के 51वें क्रीड़ा समारोह का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं हर इंसान के चहुंमुखी विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान छात्रा तनुजा मशाल के साथ मार्चपास्ट में शामिल हुई। इस मौके पर गोला फेंक छात्र वर्ग में रोहित बिष्ट ने द्वितीय व नवनीत रावत ने तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि छात्रा वर्ग में राधिका ने प्रथम, कविता ने द्वितीय व वंदना ने तृतीय स्थान पाया। दो सौ मीटर दौड़ छात्र वर्ग में प्रफुल्ल ने द्वितीय व हिमांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की आठ सौ मीटर दौड़ में शीतल ने प्रथम, कविता ने द्वितीय व कुमकुम ने तृतीय स्थान पाया। भाला फेंक छात्रा वर्ग में कविता प्रथम, वंदना द्वितीय व कुमकुम तृतीय रही। जबकि छात्र वर्ग में भाष्कर देवरानी प्रथम, हिमांशु डबराल द्वितीय व मोहित बिष्ट तृतीय रहे। लंबी कूद छात्र वर्ग में हिमांशु डबराल ने प्रथम, दुष्यंत ने द्वितीय व भाष्कर देवरानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर संयोजक आरके द्विवेदी, विमल रावत, साजन सिंह रावत, अनिल रावत, पंकज रावत, डा. गुंजन आर्या, डा. वंदना ध्यानी, डा. पवनिका चंदौला, राजीव रजवार, प्रो. एमपी मधवाल, डा. अजय रावत, बालेंदु नेगी, डा. अर्चना नौटियाल, डा. शिप्रा शर्मा, डा. मनोज परमार, दीप्ति, तारा सिंह आदि मौजूद थे।

दैनिक जागरण

देहरादून, 20 फरवरी, 2024




डा. भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्र प्राचार्य प्रो. लवनी राजवंशी के साथ • जागरण

# महाविद्यालय के 33 मेधावी छात्रों को दी छात्रवृत्ति

**संवाद सहयोगी, लैंसडौनः** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत 33 मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। प्राचार्य प्रो.लवनी राजवंशी ने बताया कि निदेशालय के निर्देशानुसार 2023-24 में संस्थागत विद्यार्थियों को उनकी पूर्व कक्षा के अंकों के आधार पर मेधावी छात्रवृत्ति के लिए चयन किया गया है।

योजना के अंतर्गत जयहरीखाल महाविद्यालय से प्रथम चरण में स्नातक स्तर पर 16 व स्नातकोत्तर में 17 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई। स्नातकोत्तर में कार्तिक बौठियाल, अनुजा, तनीषा, मोनिका, कविता, नवनीत सिंह, श्रेया प्रथम रहे। स्नातक स्तर पर शालिनी रौतेला, संजना, नीलम व मोहित नेगी प्रथम रहें। छात्रवृत्ति प्रभारी डा.गुंजन आर्य ने कहा कि मेधावियों को छात्रवृत्ति की प्रथम किश्त दी गई। इस मौके पर समिति के सदस्य अजय रावत, डा.वरूण कुमार, नीना शर्मा, राजीव रजवार, पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष अनुज खंडेलवाल, पीटीए अध्यक्ष जयपाल रावत ने भी छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई दी।

# जयपाल सिंह बने अध्यक्ष

संवाद सहयोगी, लैंसडौनः भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में अभिभावक-अध्यापक एसोसिएशन का गठन किया गया। कार्यकारिणी में जयपाल सिंह रावत को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।

नई कार्यकारिणी में डा.डीसी बेबनी को सचिव, उपाध्यक्ष मनोज सिंह, कोषाध्यक्ष प्रमीत सिंह को चुना गया। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने महाविद्यालय के बेहतर विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

इस मौके पर प्राचार्य डा.एलआर राजवंशी, डा.एसपी मधवाल, डा.राकेश द्विवेदी, डा.कमल कुमार, डा.उमेश ध्यानी, प्रकाश असवाल, सरोज देवी, बृजमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण
देहरादून, 29 दिसंबर,2023

# जयपाल सिंह रावत बने अध्यक्ष

कोटद्वार। भक्तदर्शन पीजी कालेज जयहरीखाल में वर्ष 2023 -24 हेतु पीटीए ( अभिभावक अध्यापक एसोसिएशन ) का गठन किया गया, जिसमें जयपाल सिंह रावत को अध्यक्ष व पीटीए प्रभारी प्राध्यापक डॉ. डीसी बेबनी को सचिव, मनोज सिंह को उपाध्यक्ष, प्रमीत सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी, प्रो. एसपी मधवाल, डॉ. राकेश द्विवेदी, डॉ. कमल कुमार, डॉ. उमेश ध्यानी, प्रकाश असवाल, सरोज देवी, बृजमोहन सिंह आदि उपस्थित थे। संवाद

अमर उजाला
देहरादून | शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023

# होम स्टे योजना की जानकारी दी

जयहरीखाल। भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जयहरीखाल में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत आयोजित दो दिवसीय बूट कैंप में छात्रों को मौन पालन और होम स्टे योजना की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने कहा कि निश्चित रूप से यह बूट कैंप उद्यमिता एवं नवाचार की दिशा में लाभदायक सिद्ध होगा। महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. शुभम काला ने अहमदाबाद ट्रेनिंग के अनुभवों को प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया।

विमल रावत ने पर्यटन विभाग की होम स्टे योजना के बारे में बताया। कहा कि होम स्टे के जरिये बेहतर स्वरोजगार किया जा सकता है। छात्र अनिमेष असवाल, नेहा, नवनीत, निकिता, प्रफुल्ल नेगी आदि ने हर्बल दवाएं, पुस्तकालय, साहसिक एवं धार्मिक पर्यटन, डेरी उत्पाद, स्थानीय कोचिंग सेंटर आदि के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। संवाद

अमर उजाला
देहरादून | शुक्रवार, 1 दिसंबर 2023

# जयहरीखाल कॉलेज में हुआ पुरातन छात्र सम्मेलन

## भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में पहुंचे पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत

**संवाद न्यूज एजेंसी**



पुरातन छात्र सम्मेलन में पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत व अन्य छात्र। संवाद

**जयहरीखाल।** भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में आयोजित पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। यहां पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत व तीरथ सिंह रावत कॉलेज में पढ़ा के दिनों को यादकर भावुक हो उठे।

पूर्व सीएम ने कहा कि 80 के दशक में उन्होंने यहां पढ़ा की थी। पुरातन छात्र महाविद्यालय परिवार के महत्वपूर्ण अंग हैं, उनमें यहां आकर नई ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में पूर्व छात्र प्रो. केसी दुदपुड़ी, पुरातन छात्र परिषद के अध्यक्ष अनुज खंडेलवाल, सचिव डॉ. डीसी बेवनी, भावना वर्मा, आशीष रावत, राजीव बर्थवाल, ब्लॉक प्रमुख दीपक भंडारी, जनार्दन शर्मा, रविंद्र रावत, गजेंद्र रावत, संदीप रावत, मनोज कुकरेती, बालेंदु नेगी, ललन बुढ़ाकोटी, कर्नल सीपी पटवाल समेत पूर्व छात्र मौजूद रहे।

प्राचार्य प्रो. लवली रानी राजवंशी ने कहा कि पूर्व छात्र सम्मेलन का उद्देश्य महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास से जुड़ा है। पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत मिशन, क्लीन कैंपस ग्रीन कैंपस, जैविक खेती, जल संरक्षण, योग साक्षरता जैसे समसामयिक विषयों को इसकी परिधि में लाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूनम भंडारी ने किया। संवाद

अमर उजाला

देहरादून | रविवार, 29 अक्तूबर 2023

हिन्दुस्तान

देहरादून, रविवार, 29 अक्तूबर 2023

# 'पूर्व छात्रों की भूमिका अहम'

**लैंसडौन।** गढ़वाल सांसद तीरथ रावत ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने के बाद भी पूर्व छात्रों की कॉलेज के विकास में अहम भूमिका होती है। पूर्व छात्र परिषद जैसे संगठन इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकते है। शनिवार को भक्त दर्शन कॉलेज में पूर्व छात्रों के मिलन समारोह में गढ़वाल सांसद तीरथ रावत, पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत, ब्लाक प्रमुख दीपक, प्राचार्य डा. लवनी रानी आदि थे।

4 दैनिक जागरण देहरादून, 29 अक्टूबर ,2023

# छात्र जीवन इंसान के सबसे बेहतरीन दिन : तीरथ रावत

**संवाद सहयोगी, लैंसडौन:** गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि छात्र जीवन इंसान के सबसे बेतहरीन दिन होते है। उन्होंने जयहरीखाल के पूर्व छात्रों से महाविद्यालय के विकास में अपना योगदान देने के साथ ही उनसे अपने गांवों से जुड़ने का आह्वान किया है।

भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूर्व छात्रों के मिलन समारोह का उद्घाटन गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, ब्लाक प्रमुख दीपक भंडारी व प्राचार्य डा. लवनी रानी राजवंशी ने दीप जलाकर किया। इस मौके पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे गढ़वाल सांसद तीरथ ने कहा कि जयहरीखाल महाविद्यालय ने अपनी स्थापना से ही देश-विदेश विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने महिला कामन हाल की स्थापना करने की घोषणा की। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड को राष्ट्र भक्ति व पर्यावरण के संबंध में सीख देने की जरूरत नहीं है। क्योंकि यह दोनों बाते उत्तराखंड वासियों के खून में बसी हुई है। उन्होंने उत्तराखंड की अंतरराष्ट्रीय सीमा का जिक्र करते हुए कहा कि सभी सीमावर्ती प्रदेशों में आतंक की घटनाएं होती रही है लेकिन उत्तराखड की राष्ट्रभक्ति के कारण यहां एक भी घटना नही हुई है। उन्होने पलायन के लिए शिक्षा, स्वास्थ व रोजगार को जिम्मेवार बताते हुए कहा कि उत्तराखंड के मौजूदा संसाधनों का दोहन करके ही हम मजबूती के साथ खड़ा रह सकते है। प्राचार्य लवनी रानी राजवंशी ने महाविद्यालय के विकास के लिए सभी पूर्व छात्रों से सहयोग मांगा। इस मौके पर परिषद के अध्यक्ष अनुज खंडेलवाल ने भी विचार रखे।

## अव्वल प्रदर्शन करने पर छात्रा संजना हुई पुरस्कृत

जयहरीखाल। भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में छात्राओं के लिए रोजगारपरक एवं कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रा संजना को अव्वल प्रदर्शन करने पर पुरस्कृत किया गया। शनिवार को प्राचार्य प्रो. लवनी रानी राजवंशी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में ग्रुप डिस्कशन तथा इंटरव्यू से संबंधित कार्यक्रम में छात्राओं को अलग-अलग समूह बनाकर भिन्न विषयों पर चर्चा कराई गई। इसकी तैयारियों के बारे में भी बताया गया। संवाद

अमर उजाला

देहरादून | रविवार, 16 जुलाई 2023

## छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले नुकसान बताए

जयहरीखाल। सोच फाउंडेशन नशा मुक्ति केंद्र नौगांव कमांदा सतपुली की ओर से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जयहरीखाल में नशामुक्ति पर आयोजित कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने किसी भी प्रकार का नशा न करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने किया। सोच फाउंडेशन के डायरेक्टर कृष्णा बौठियाल ने कार्यशाला में अपने अनुभवों को साझा किया। इस मौके पर नशा मुक्ति केंद्र सतपुली से अपना इलाज करा रहे अंकित बड़थ्वाल, अरविंद सिंह रावत और अंशुल ने अपने अनुभव साझा किए। मौके पर एंटी ड्रग सेल के नोडल अधिकारी डॉ. वीके सैनी रहे। संवाद

अमर उजाला

देहरादून | मंगलवार, 25 जुलाई 2023

# जयहरीखाल कॉलेज के पूर्व छात्र परिषद का होगा पंजीकरण

अमर उजाला
देहरादून | रविवार, 23 जुलाई 2023

जयहरीखाल। डॉ. भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की बैठक में पूर्व छात्र परिषद का पंजीकरण करवाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पूर्व छात्रों का अधिवेशन अक्तूबर माह में आयोजित करने का कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया।

शनिवार को महाविद्यालय के सभागार में पूर्व छात्र परिषद की बैठक अध्यक्ष अनुज खंडेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में गत तीन जून को गठित छात्र परिषद का पंजीकरण करवाने पर सहमती बनी। इस मौके पर परिषद के उप नियमों पर भी चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया की पूर्व छात्र परिषद महाविद्यालय के हितों के लिए कार्य करेगी। अक्तूबर में आयोजित अधिवेशन में पूर्व छात्र को आमंत्रित किया जाएगा। संवाद

# पूर्व छात्र परिषद का होगा पंजीकरण अक्टूबर में अधिवेशन प्रस्तावित

दैनिक जागरण
देहरादून, 23 जुलाई, 2023

लैंसडौन : डा. भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित बैठक में पूर्व छात्र परिषद का पंजीकरण करवाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पूर्व छात्रों का अधिवेशन अक्टूबर में आयोजित करने का कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया। अधिवेशन में महाविद्यालय के पूर्व छात्र व शिक्षकों को मुख्य रूप से आमंत्रित किया जाएगा।

शनिवार को गुमखाल के सैलगांव स्थित डा. भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूर्व छात्र परिषद की बैठक संरक्षक प्राचार्य डा. एलआर लवली राजवंशी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बीते तीन जून को गठित छात्र परिषद का पंजीकरण करवाने पर सहमति बनी। इस मौके पर परिषद के उप नियमों पर भी चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि पूर्व छात्र परिषद महाविद्यालय के हितों के लिए कार्य करेगी। इसमें कोई भी व्यावसायिक हित व लाभ का दृष्टिकोण शामिल नहीं होगा।

प्रस्ताव रखा गया कि पूर्व छात्रों को संगठित करने के उद्देश्य से अधिवेशन आयोजित किया जाए। इससे पूर्व, छात्रों की ओर से महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान चलाकर इनके संरक्षण का भी संकल्प लिया गया। बैठक में पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष अनुज खंडेलवाल, उपाध्यक्ष भावना वर्मा, सचिव डा. डीसी बेबनी, कोषाध्यक्ष आशीष रावत, प्रकाश असवाल, डा. पवनिका चंदोला, बालेंदु नेगी, डा. शैलेंद्र प्रकाश आदि मौजूद थे। (संस)

## जयहरीखाल महाविद्यालय में शुरू हुआ हरेला पर्व

जयहरीखाल। जयहरीखाल महाविद्यालय में नमामि गंगे इकाई की ओर से लोक पर्व हरेला का उद्घाटन किया गया। प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने नवनिर्मित वाटिका में पोधा रोप कर कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए सभी से पेड़ लगाने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. एसपी मधवाल, डॉ. डीसी बेबनी, डॉ. आरके द्विवेदी, डॉ. वीके सैनी, डॉ. संजय मदान, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. प्रीति रावत, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी राजवीर सिंह रजवार आदि रहे। संवाद

**अमर उजाला**

देहरादून | रविवार, 16 जुलाई 2023

**दैनिक जागरण**

देहरादून, 18 जुलाई, 2023

## लैंसडौन व निकटवर्ती क्षेत्रों में किया पौधारोपण



लैंसडौन के राजकीय महाविद्यालय में पौधा लगाती प्राचार्य प्रो. लवली राजवंशी • जागरण

संवाद सहयोगी, लैंसडौन: पर्यटन नगरी लैंसडौन समेत निकटवर्ती क्षेत्रों में हरेला पर्व पर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। डा. भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डा. लवली राजवंशी के नेतृत्व में पौधों का रोपण किया। उन्होंने छात्रों से पौधों का रोपण करने के साथ ही उनके संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। जबकि, अभ्युदय परिवार के तत्वावधान में महिलाओं और बच्चों ने पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कुमाऊंनी मोहल्ले में महिला पुलिस उपाधीक्षक रचना रानी के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

संस्था की संयोजिका भावना वर्मा ने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। सामाजिक सरोकारों से जुड़ी स्वर संस्था की महिलाओं ने भी लैंसडौन में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रौपे। छावनी परिषद के तत्वावधान में उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने भी कैंट कर्मियों के साथ भूल्ला लेख के निकट पौधों का रोपण किया।

## पौधे रोप कर लिया संरक्षण का संकल्प

कोटद्वार। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार और जयहरीखाल में हरेला सप्ताह के चौथे दिन बृहस्पतिवार को महाविद्यालय परिसर में पौधे लगा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर महाविद्यालय से इस सत्र में स्थानांतरित हुए प्रो. सीमा चौधरी, प्रो. अमित कुमार जायसवाल, डॉ. अंकेश चौहान एवं डॉ. धनेंद्र पंवार रहे। मौके पर प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार आदि रहे। वहीं जयहरीखाल महाविद्यालय में भी पौध रोपण किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी, वन दरोगा हरक सिंह दानू रहे। संवाद

**अमर उजाला**

देहरादून | शुक्रवार, 21 जुलाई 2023

# विकास में पूर्व छात्रों की भूमिका अहम : राजवंशी

**संवाद सहयोगी, लैंसडौन:** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डा. एलआर राजवंशी ने कहा कि महाविद्यालय के विकास में पूर्व छात्रों की भूमिका अहम है। इस मौके पर नई कार्यकारणी का गठन करने के साथ पूर्व छात्रों का भव्य सम्मेलन व साथ छात्र परिषद का पंजीकरण जल्द करवाने का निर्णय लिया गया।

शनिवार को भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डा. एलआर राजवंशी की अध्यक्षता में पूर्व छात्र परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राचार्य डा. राजवंशी ने कहा कि वर्तमान में पूर्व छात्रों को संगठित कर महाविद्यालय के विकास में भागीदारी



लैंसडौन के डा. भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूर्व छात्रों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित करती प्राचार्य डा. एलआर राजवंशी • जागरण

देने के लिए छात्र परिषद की भूमिका का महत्वपूर्ण होगी। बैठक में प्राचार्य ने महाविद्यालय की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि 1972 से अब तक के 51 वर्षों के इतिहास में अध्यनरत रहे पूर्व छात्रों को संगठित कर इसी वर्ष पूर्व छात्रों का भव्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। प्राचार्य ने सभी पूर्व छात्रों को सम्मानित किया। छात्र परिषद के पदेन सचिव डा.डीसी बेबनी ने छात्र परिषद को वर्ष भर सक्रिय रखने के लिए पूर्व छात्रों से सहयोग मांगा। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत मिशन, क्लीन कैंपस, ग्रीन कैंपस, जैविक खेती, जल संरक्षण, योग आदि समसामयिक विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में पूर्व छात्र परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन कर अनुज खंडेलवाल को अध्यक्ष चुना गया। भावना वर्मा को उपाध्यक्ष, डा. डीसी बेबनी को सचिव, राजीव बर्थवाल को सह सचिव, आशीष रावत को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी में राजेंद्र रावत, मोहन चंद्र नैथानी, सर्तेद्र नेगी, दिलवर सिंह नेगी, विक्रम सिंह नेगी, कुलभूषण सिंह, अजय अग्रवाल आदि को शामिल किया।

दैनिक जागरण
देहरादून, 4 जून, 2023

अमर उजाला
देहरादून | रविवार, 4 जून 2023




चुने गए पूर्व छात्र परिषद के पदाधिकारी।।

# पूर्व छात्रों ने क्षेत्र के विकास का लिया संकल्प

संवाद न्यूज एजेंसी

**अनुज खंडेलवाल बने जयहरीखाल पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष**

जयहरीखाल। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में पूर्व छात्र परिषद की गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पुरातन छात्रों ने महाविद्यालय और क्षेत्र के विकास का संकल्प लिया।

इस अवसर पर परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। शनिवार को महाविद्यालय के सभागार में आयोजित पूर्व छात्रों की बैठक में पूर्व छात्र परिषद का गठन किया गया।

जिसमें सर्वसम्मति से अनुज खंडेलवाल को अध्यक्ष चुना गया। डॉ. डीसी बेवनी को पदेन सचिव, भावना वर्मा को उपाध्यक्ष, राजीव बर्थवाल को सह सचिव और आशीष रावत को कोषाध्यक्ष चुना गया। जबकि राजेंद्र रावत, मोहन चंद्र नैथानी, सतेंद्र नेगी, दिलवर सिंह नेगी, विक्रम सिंह नेगी, कुलभूषण सिंह और अजय अग्रवाल को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एलआर राजवंशी, डॉ. एसपी मधवाल, डॉ. आरके द्विवेदी, डॉ. वीके सैनी, डॉ शुभम काला, राजीव रंजन, सतीश चंद्र पोखरियाल, प्रकाश, विमल रावत आदि मौजूद रहे।

# अनुज खंडेलवाल बने पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष

- पूर्व छात्रों ने सहयोग करने का निर्णय लिया
- कॉलेज के विकास को लेकर मंथन किया

लैंसडौन, संवाददाता। भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित पूर्व छात्र परिषद की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन कर अनुज खंडेलवाल को अध्यक्ष चुना गया। मौके पर महाविद्यालय के विकास में पूर्व छात्रों ने बराबर का सहयोग देने के साथ ही संस्था का पंजीकरण करवाने का निर्णय लिया।

शनिवार को आयोजित पूर्व छात्र परिषद की बैठक में महाविद्यालय के विकास को लेकर गहन मंथन किया गया। साथ ही इस मौके पर पूर्व छात्र परिषद का गठन करते हुए सर्वसम्मति से पुरातन छात्र अनुज खंडेलवाल की अध्यक्ष चुना गया है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भावना वर्मा सह सचिव, राजीव बर्थवाल कोषाध्यक्ष आशीष रावत चुने गए कार्यकारिणी सदस्यों में राजेन्द्र रावत, मोहन चंद्र नैथानी, सतेंद्र नेगी, दिलवर सिंह नेगी, विक्रम सिंह नेगी, कुलभूषण सिंह, अजय अग्रवाल आदि को बनाया गया है। जयहरीखाल महाविद्यालय सभागर में महाविद्यालय के विकास एवं विभिन्न पहलुओं पर विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई। जिसमें सभी पूर्व छात्रसंघ के पदाधिकारियों ने एकजुट होकर महाविद्यालय की समस्याओं का मिलकर समाधान करने का संकल्प लिया। बैठक में महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के साथ ही पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत मिशन, क्लीन कैम्पस, ग्रीन कैम्पस, जैविक खेती, जल सरंक्षण, योग आदि समसामयिक विषयों पर चर्चा की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लवनी रानी राजवंशी ने पूर्व छात्रों बैच अलंकृत एवं प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर कई छात्र मौजूद थे।

हिन्दुस्तान
देहरादून, रविवार, 4 जून 2023

# महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया

**जयहरीखाल।** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल के नमामि गंगे टीम के सदस्यों, छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने गंगा स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने कहा कि गंगा नदी का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व है। यदि हम इसे साफ करने में सक्षम हो गए तो यह देश की 40 फीसदी आबादी के लिए एक बड़ी मदद साबित हो सकती है। नमामि गंगे कार्यक्रम के नोडल अधिकारी वरुण कुमार के नेतृत्व में नमामि गंगे की टीम के सदस्यों, छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने महाविद्यालय परिसर व आसपास के गांव में साफ-सफाई की। इस मौके पर मोनिका, मनीषा, दीपिका, तनुजा, अमृता, तनिषा आदि मौजूद रहे। संवाद

अमर उजाला

देहरादून | शुक्रवार, 24 मार्च 2023

# छात्र वर्ग में प्रफुल्ल व छात्रा वर्ग में तनुजा चैंपियन

संवाद सहयोगी, लैंसडौन : भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्र वर्ग से प्रफुल्ल नेगी व छात्रा वर्ग से तनुजा चैंपियन बने। वहीं, आदित्य भंडारी को नार्थ जोन की टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में चयनित होने पर पुरस्कृत किया गया।

शुक्रवार को पीजी कालेज सैलगांव में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हो गई। विजेताओं को प्राचार्य लवली राजवंशी ने पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि खेलों को हार-जीत की भावना से ऊपर उठकर खेलना चाहिए। सभी छात्रों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया है। 800 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में प्रफुल्ल नेगी प्रथम, प्रियांशु नेगी द्वितीय व आदित्य भंडारी तृतीय रहे। छात्रा वर्ग में साक्षी प्रथम, स्नेहा द्वितीय व सोनम तृतीय रही। ऊंची कूद छात्र वर्ग में प्रियांशु नेगी ने प्रथम, आदित्य कंडारी ने द्वितीय व निषेद कुमार ने तृतीय स्थान पाया। छात्रा वर्ग में तनुजा प्रथम, फुरकाना द्वितीय व आयुषी तृतीय रही। लंबी कूद छात्र वर्ग में अंकित सिंह प्रथम, आदित्य भंडारी द्वितीय व सावन रावत तृतीय रहे। छात्रा वर्ग में तनुजा, साक्षी व सोनम थापा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। इस मौके पर प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक डा. आरके द्विवेदी, विमल रावत, डा. वीरेंद्र सैनी, डा. पवनिका, डा. कृतिका, डा. अर्चना, डा. संजय मदान, धर्मेद आदि मौजूद रहे।




भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करती प्राचार्य व अन्य • जागरण


**अमर उजाला**

देहरादून | शनिवार, 4 मार्च 2023


# प्रफुल्ल और तनुजा बने ओवरऑल चैंपियन

**पुरस्कार वितरण के साथ पीजी कॉलेज जयहरीखाल के वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का समापन**

जयहरीखाल। भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जयहरीखाल के वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। ओवर ऑल प्रदर्शन में छात्र वर्ग में प्रफुल्ल और छात्रा वर्ग में तनुजा चैंपियन चुने गए।

इस मौके पर आयोजित 800 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में प्रफुल्ल नेगी, प्रियांशु नेगी, आदित्य भंडारी, छात्रा वर्ग में साक्षी, स्नेहा, सोनम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में तनुजा, फुरकाना, आयुषी, छात्र वर्ग मे प्रियांशु, आदित्य, निषेद क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में तनुजा, साक्षी, सोनम, छात्र वर्ग में अमित, आदित्य, सावन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाया। प्राचार्य प्रो. लवनी रानी राजवंशी और प्रो. जानकी पंवार ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में टेबल टेनिस स्पर्धा में नार्थ जोन में चुने गए आदित्य को भी पुरस्कृत किया गया। संवाद


**दैनिक जागरण**

देहरादून, 4 मार्च, 2023

# ई-ग्रंथालय में पंजीकृत होंगे शत-प्रतिशत विद्यार्थी

## उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने दून विवि में तीन दिवसीय ई-ग्रंथालय कार्यशाला की शुरुआत की

जागरण संवाददाता, देहरादून: राजकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को ई-ग्रंथालय में पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराना होगा, ताकि इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को कैटलागिंग की आधुनिक डिजिटल सुविधा के साथ-साथ देश के अन्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में उपलब्ध पुस्तकों, शोध पत्र-पत्रिकाओं सहित अन्य पठन-पाठन के संसाधन भी उपलब्ध हो सकें। सभी राजकीय शिक्षण संस्थानों को यह प्रक्रिया एक माह के भीतर पूर्ण करनी होगी। यदि किसी संस्थान में पंजीकरण का कार्य पूरा नहीं होता है तो इसके लिए प्राचार्य व पुस्तकालयाध्यक्ष को जिम्मेदार माना जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने दून विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग एवं एनआइसी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय ई-ग्रंथालय हैंड्सआन प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर यह बात कही।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि आने वाला समय डिजिटल एजुकेशन का है। हमें भी खुद को इसी के अनुरूप तैयार करना होगा। राज्य के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में ई-ग्रंथालय की स्थापना कर दी गई है, जिसमें 21 लाख से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं, लेकिन इनका अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या अभी काफी कम है। राजकीय उच्च शिक्षण संस्थानों में वर्षों से बेकार पड़ी आउट आफ सिलेबस हो चुकी पुस्तकों को हटाकर नई पुस्तकें खरीदी जाएंगी। पुरानी पुस्तकों को वन टाइम सेटेलमेंट के तहत किसी जरूरतमंद अथवा सार्वजनिक पुस्तकालयों को दान किया जाएगा। ई-ग्रंथालय में एनईपी-2020 के अनुरूप नए पाठ्यक्रम की सभी विषयों की पुस्तकों को अपलोड किया जाएगा।

इस अवसर पर धर्मपुर विधायक विनोद चमोली, सलाहकार रूसा प्रो. एमएसएम रावत, प्रो. केडी पुरोहित, अपर सचिव उच्च शिक्षा प्रशांत आर्य, एमएस सेमवाल, निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. जगदीश प्रसाद, संयुक्त निदेशक एएस उनियाल, डा. दीपक पांडेय, डा. चमन कुमार, एनआइसी के आइटी विशेषज्ञ के नारायण, राम कुमार मतोरिया, एसके शर्मा उपस्थित रहे।

### स्मार्ट क्लास पर प्रस्तुतिकरण

कार्यशाला में स्मार्ट क्लास डिवाइस के-यान को लेकर आइएल एंड एफएस कंपनी के प्रतिनिधियों ने अपना प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि के-यान एक नालेज डिवाइस है जिसे आइआइटी मुम्बई के साथ मिलकर बनाया गया है। यह एक पोर्टेबल स्मार्ट क्लास है। जिसमें हाईएंड कंप्यूटर सिस्टम, प्रोजेक्शन सिस्टम, हाई क्वालिटी आडियो-वीडियो सिस्टम, वर्चुअल इंटरेक्टिव फीचर सहित इन बिल्ट कैमरा है जो किसी भी क्लास रूम को स्मार्ट बना सकता है। इसमें राज्य के पाठ्यक्रमों का पूरा कंटेंट आडियो-वीडियो माध्यम में उपलब्ध है। अध्यापकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों के लिए यह डिवाइस उपयोगी साबित होगी। इस डिवाइस को अब तक देशभर के 70 हजार स्कूलों में लगाया जा चुका है। इसे समुदाय आधारित जागरूकता कार्यक्रमों में भी उपयोग में लाया जा सकता है।



उच्च शिक्षा विभाग एवं एनआइसी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय ई-ग्रंथालय हैंड्सआन प्रशिक्षण कार्यशाला में छात्रा को सम्मानित करते उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत। साथ में धर्मपुर विधायक विनोद चमोली ● जागरण

### उच्च शिक्षा विभाग का यूपीईएस व रूट्स टू रूट्स के साथ हुआ एमओयू

उच्च शिक्षा विभाग ने दो बड़े संस्थान रूट्स टू रूट्स नई दिल्ली एवं यूपीईएस देहरादून के साथ एमओयू किया है। विभाग ने कला संस्कृति एवं परफार्मिंग आर्ट्स और भारतीय ज्ञान के क्षेत्र में सहयोग के लिए रूट्स टू रूट्स के साथ अनुबंध किया है। जबकि यूपीईएस के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित कौशल विकास पाठ्यक्रमों को एनईपी-2020 के अनुरूप राजकीय महाविद्यालयों में संचालित करने को लेकर अनुबंध किया गया।

### विभाग की वेबसाइट लांच

विभागीय मंत्री ने उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट भी लांच की। उन्होंने बताया कि नवीन वेबसाइट एनईपी-2020 के अनुरूप अपडेट की गई है, ताकि विभाग से जुड़ी सभी जानकारियां छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों एवं विभागीय कार्मिकों को एक क्लिक पर उपलब्ध हो सके।

### 51 मेधावी छात्राओं को मिली स्कालरशिप

विद्या ज्योति स्कालरशिप के तहत राज्य के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत स्नातकोत्तर की दूरस्थ क्षेत्रों की 51 छात्राओं को ऋषि मिशन खोसला स्कालरशिप के अंतर्गत 35-35 हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग से चयनित 163 छात्र-छात्राओं को मुख्य परीक्षा में बेहतर कोचिंग के लिए 50-50 हजार की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। एनडीए, सीडीएस, ओटीए, आइएनए, आइएएफ के माध्यम से चयनित 148 छात्र-छात्राओं को 50-50 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।



# ई-ग्रंथालय में पंजीकृत होंगे शत-प्रतिशत छात्र

## उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने दून विवि में की तीन दिवसीय ई-ग्रंथालय कार्यशाला की शुरुआत

**जागरण संवाददाता, देहरादून:** राजकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को ई-ग्रंथालय में पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराना होगा, ताकि इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को कैटलागिंग की आधुनिक डिजिटल सुविधा के साथ-साथ देश के अन्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में उपलब्ध पुस्तकों, शोध पत्र-पत्रिकाओं सहित अन्य पठन-पाठ्न के संसाधन भी उपलब्ध हो सकें। सभी राजकीय शिक्षण संस्थानों को यह प्रक्रिया एक माह के भीतर पूर्ण करानी होगी। यदि किसी संस्थान में पंजीकरण का कार्य पूरा नहीं होता है तो इसके लिए प्राचार्य व पुस्तकालयाध्यक्ष को जिम्मेदार माना जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने दून विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग एवं एनआइसी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय ई-ग्रंथालय हैंड्सआन प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर यह बात कही।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि आने वाला समय डिजिटल एजुकेशन का है। हमें भी खुद को इसी के अनुरूप तैयार करना होगा। राज्य के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में ई-ग्रंथालय की स्थापना कर दी गई है, जिसमें 21 लाख से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं, लेकिन इनका अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या अभी काफी कम है। राजकीय उच्च शिक्षण संस्थानों में वर्षों से बेकार पड़ी आउट आफ सिलेबस हो चुकी पुस्तकों को हटाकर नई पुस्तकें खरीदी जाएंगी। पुरानी पुस्तकों को वन टाइम सेटेलमेंट के तहत किसी जरूरतमंद अथवा सार्वजनिक पुस्तकालयों को दान किया जाएगा। ई-ग्रंथालय में एनईपी-2020 के अनुरूप नए पाठ्यक्रम की सभी विषयों की पुस्तकों को अपलोड किया जाएगा।



दून विश्वविद्यालय देहरादून में उच्च शिक्षा विभाग एवं एनआइसी भारत सरकार के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय ई-ग्रंथालय हैंड्सआन प्रशिक्षण कार्यशाला में छात्रों को सम्मानित करते उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत। साथ में धर्मपुर विधायक विनोद चमोली ● जागरण

### उच्च शिक्षा विभाग का यूपीईएस व रूट्स टू रूट्स के साथ एमओयू

उच्च शिक्षा विभाग ने दो बड़े संस्थान रूट्स टू रूट्स नई दिल्ली एवं यूपीईएस देहरादून के साथ एमओयू किया है। विभाग ने कला संस्कृति एवं परफार्मिंग आर्ट्स और भारतीय ज्ञान के क्षेत्र में सहयोग के लिए रूट्स टू रूट्स के साथ अनुबंध किया है। जबकि यूपीईएस के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित कौशल विकास पाठ्यक्रमों को एनईपी-2020 के अनुरूप संचालित करने को लेकर अनुबंध किया गया।

इस अवसर पर धर्मपुर विधायक विनोद चमोली, सलाहकार रूसा प्रो. एमएसएम रावत, प्रो. केडी पुरोहित, अपर सचिव उच्च शिक्षा प्रशांत आर्य, एमएम सेमवाल, निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. जगदीश प्रसाद, संयुक्त निदेशक एएस उनियाल, डा. दीपक पांडेय, डा. चमन कुमार, एनआइसी के आइटी विशेषज्ञ के नारायण, राम कुमार मतोरिया, एसके शर्मा उपस्थित रहे।

**51 मेधावी छात्राओं को मिली स्कालरशिप:** विद्या ज्योति स्कालरशिप के तहत राज्य के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत स्नातकोत्तर की दूरस्थ क्षेत्रों की 51 छात्राओं को ऋषि मिशन खोसला स्कालरशिप के अंतर्गत 35-35 हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। उच्च शिक्षा मंत्री व धर्मपुर विधायक ने छात्राओं को छात्रवृत्ति के चेक सौंपे। इसके अलावा संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग से चयनित 163 छात्र-छात्राओं को मुख्य परीक्षा में बेहतर कोचिंग के लिए 50-50 हजार की राशि प्रदान की गई। एनडीए, सीडीएस, ओटीए, आइएनए, आइएएफ के माध्यम से चयनित 148 छात्रों को 50-50 हजार की राशि प्रदान की गई।

**उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट लांच:** विभागीय मंत्री ने उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट भी लांच की। उन्होंने बताया कि नवीन वेबसाइट एनईपी-2020 के अनुरूप अपेडट की गई है, ताकि विभाग से जुड़ी सभी जानकारियां छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों एवं विभागीय कार्मिकों को एक क्लिक पर उपलब्ध हो सके।

**स्मार्ट क्लास पर प्रस्तुतिकरण:** कार्यशाला में स्मार्ट क्लास डिवाइस के-यान को लेकर आइएल एंड एफएस कंपनी के प्रतिनिधियों ने अपना प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि के-यान एक नालेज डिवाइस है जिसे आइआइटी मुम्बई के साथ मिलकर बनाया गया है। यह एक पोर्टेबल स्मार्ट क्लास है। जिसमें हाईएंड कंप्यूटर सिस्टम, प्रोजेक्शन सिस्टम, हाई क्वालिटी आडिया-वीडियो सिस्टम, वर्चुअल इंट्रेक्टिव फीचर सहित इन बिल्ट कैमरा है जो किसी भी क्लास रूम को स्मार्ट बना सकता है। इसमें राज्य के पाठ्यक्रमों का पूरा कंटेंट आडियो-वीडियो माध्यम में उपलब्ध है। अध्यापकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों के लिए यह डिवाइस उपयोगी साबित होगी। इसमें आसान तरीके से मुश्किल विषयों को समझाने की क्षमता है। साथ ही टीचर ट्रैकिंग सिस्टम भी लगा हुआ है।

दैनिक जागरण

देहरादून, शुक्रवार
17 फरवरी, 2023

हिन्दुस्तान

## पुस्तक मेले का आयोजन किया

कोटद्वार। भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में दो दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. लवनी आर राजवंशी ने पुस्तक मेले का शुभारंभ करते हुए कहा कि पुस्तकें महाविद्यालय और छात्रों का महत्वपूर्ण हिस्सा होती है, इनसे प्राप्त ज्ञान जीवन भर काम आता है। मेले में पुस्तक प्रकाशकों ने भी भाग लिया।

देहरादून, बुधवार, 4 जनवरी 2023

दैनिक जागरण

देहरादून, 4 जनवरी, 2023

## पुस्तकें इंसान की सच्ची मित्र : प्राचार्य

लैंसडौन: भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.लवली आर राजवंशी ने कहा कि पुस्तकें इंसान की सच्ची मित्र होती है। महाविद्यालय के विकास में पुस्तकों की अहम भूमिका बताते हुए उन्होंने छातों से प्रदर्शनी का अधिक से अधिक लाभ लेने की बात कही है। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्राचार्य प्रो.लवली आर राजवंशी ने किया। इस मौके पर छात्र संघ अध्यक्ष अविनाश नेगी, महासचिव अंकित बुड़ाकोटी ने एनईपी के पाठ्यक्रम के अनुरूप उपलब्ध पुस्तकों पर रुचि दिखाई। रूसा नोडल अधिकारी डा.कमल कुमार ने बताया कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की पुस्तकें प्रदर्शनी मेले में रखी गई है, जिनको क्रय किया जाएगा।(संस)

अमर उजाला

देहरादून | बुधवार, 4 जनवरी 2023

## पुस्तक मेले में छात्रों ने दिखाई रुचि

जयहरीखाल। भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया।

मंगलवार को महाविद्यालय में आयोजित पुस्तक मेले का प्राचार्य प्रो. लवनी आर राजवंशी ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पुस्तकें महाविद्यालय का महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं। इनसे प्राप्त ज्ञान जीवन भर काम आता है। सत्र 2022-23 से नई शिक्षा नीति 2020 शुरू होने से नवीन पुस्तकों की आवश्यकता है। इसके लिए महाविद्यालय में पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है।

मेला उद्घाटन अवसर पर छात्र संघ अध्यक्ष अविनाश नेगी, महासचिव अंकित बुड़ाकोटी, उपाध्यक्ष हेमंत कुमार, सह सचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष साक्षी और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि अतुल कुमार समेत सभी छात्र-छात्राओं ने नए पाठ्यक्रम के अनुरूप उपलब्ध पुस्तकों पर विशेष रुचि दिखाई। संवाद

### भक्तदर्शन महाविद्यालय का स्वर्ण जयंती समारोह धूमधाम से मनाया, मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री धामी ने की शिरकत

# जयहरीखाल कॉलेज में पीजी के विषय बढ़ेंगे: सीएम

**कार्यक्रम**

कोटद्वार, संवाददाता। लैंसडौन विधानसभा के जयहरीखाल स्थित भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का स्वर्ण जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महाविद्यालय और क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं की।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने महान विभूति स्व.भक्तदर्शन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी भारतीय स्वतंत्रता में तथा उत्तराखंड राज्य के हित में महत्वपूर्ण भूमिका रही। कहा कि हम आजादी के अमृत महोत्सव में अपने देश के नायकों को याद कर रहे हैं तथा अपनी उपलब्धियों और भविष्य के सपनों की संभावनाओं को व्यक्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत की पहचान एक समर्थ और शक्तिशाली भारत के रूप में बनी है। उन्होंने महाविद्यालय में एमए और एमएससी के लिए दो पृथक पीजी ब्लॉक का निर्माण करने, एमएससी में भौतिक विज्ञान व गणित तथा एमए में संस्कृत, अंग्रेजी और भूगोल के विभिन्न संकाय खोलने हेतु चरणबद्ध तरीके से आकलन कराकर कार्य करने की बात कही। मौके पर उन्होंने छात्रा हॉस्टल की चहारदीवारी के निर्माण हेतु जिलाधिकारी को निर्देशित किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने नैनीडांडा और जयहरीखाल में मिनी स्टेडियम बनाने सहित विकासखंड जहरीखाल के चिनबो तथा नैनीडांडा के आशोबाखली में वाटरफॉल निर्माण करने और जयहरीखाल ब्लाक के अंतर्गत अमटोला पंपिंग योजना की स्वीकृति प्रदान करने के साथ ही नैनीडांडा तथा रिखणीखाल विकासखंड के अंतर्गत कुमाल्डी डांडा, बरई, खदरासी, कर्तिया और अन्य गांवों की सिंचाई नेहरों के पुनरुद्धार कार्य करवाने की स्वीकृति प्रदान की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्व.भक्त दर्शन की पुत्री मीरा चौहान को सम्मानित किया तथा भक्तदर्शन स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्मारिका का विमोचन भी किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाई गई स्टाल का भी अवलोकन किया। इस दौरान लैंसडौन विधायक दिलीप महंत और यमकेश्वर विधायक रेनू बिष्ट कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।



जयहरीखाल स्थित भक्तदर्शन राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में स्मारिका का विमोचन करते मुख्यमंत्री।



भक्तदर्शन राजकीय महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देतीं छात्राएं।

हिन्दुस्तान
देहरादून, मंगलवार, 22 नवंबर 2022

# शिक्षित समाज से होगा राष्ट्र का निर्माण : धामी

## चिणबौ व नैनीडांडा के आंसौ-बाखल में वाटर फाल व जयहरीखाल में मिनी स्टेडियम बनाने को दी स्वीकृति

**संवाद सहयोगी, लैंसडौन:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शिक्षित समाज से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आने वाले भारत की नींव युवा रख रहे हैं। उन्होंने जयहरीखाल के चिणबौ व नैनीडांडा के आंसौ-बाखल में वाटर फाल बनाने व जयहरीखाल में मिनी स्टेडियम बनाने की योजना को स्वीकृति दी। साथ ही महाविद्यालय के लिए चारदीवारी निर्माण व विभिन्न नए विषय खोलने का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने महान विभूति भक्तदर्शन को श्रद्धांजलि अर्पित की और भक्तदर्शन की पुत्री मीरा चौहान को भी सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते कहा कि शिक्षक की समाज व राष्ट्रनिर्माण में अहम भूमिका है, जो व्यक्ति समाज के लिए अपना जीवन समर्पित करता है, उसे समाज आजीवन याद करता है। उत्तराखंड की जनता के हितों को प्राथमिकता देने में स्वतंत्रता आंदोलनकारी भक्त दर्शन की अहम भूमिका बताते हुए उन्होंने कहा कि उनका राजनीतिक व व्यक्तिगत जीवन काफी उत्कृष्ट रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की पूरे विश्व में शक्तिशाली पहचान बनी है। प्रत्येक क्षेत्र में नए रोडमैप बनाने के साथ संस्कृति व इतिहास के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण कार्य सरकार कर रही है। इस मौके पर उन्होंने महाविद्यालय के हास्टल के लिए चारदीवारी निर्माण, महाविद्यालय में स्वरोजगारपरक पाठ्यक्रम सहित अन्य विषयों को स्वीकृति देने, नैनीडांडा के गुजड़ूगढ़ी में पर्यटन स्थल के विकास कार्य की स्वीकृति प्रदान व रिखणीखाल में सिंचाई नहरों के जीर्णोद्धार की योजना को स्वीकृत दी। दुगड्डा नगरपालिका के स्वास्थ केंद्र के उच्चीकरण के मानकों के अनुरूप कार्रवाई के निर्देश दिए।

विधायक दलीप सिंह रावत ने राइंका के विद्यालय प्रकरण की ओर सीएम का ध्यान उत्कृष्ट करवाया। लैंसडौन क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से बेहद तेजी से आगे बढ़ रहा है, इसलिए पर्यटन विकास की योजनाएं शुरू किए जाने की जरूरत है। यमकेश्वर विधायक रेनू बिष्ट ने द्वारीखाल ब्लाक के सिंगटाली में गंगा नदी पुल निर्माण व केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग रखी। प्राचार्य डा.लवली आर राजवंशी ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम मे महाविद्यालय की पत्रिका उत्पयका का भी विमोचन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अण्थवाल, मंडल अध्यक्ष किरण बौठियाल, जिलाधिकारी आशीष चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे मौजूद रहे।



जयहरीखाल महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान महाविद्यालय के लोगो का अनावरण करते मुख्यमंत्री पुष्कर धामी। साथ में महाविद्यालय की प्राचार्या डा.लवनी आर राजवंशी, विधायक दलीप रावत, विधायक रेनु बिष्ट व अन्य • जागरण

### मुख्यमंत्री ने मीरा चौहान समेत भूमिदान करने वालों को किया सम्मानित

**संवाद सहयोगी, लैंसडौन:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भक्त दर्शन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूमि दानदाताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न संगठनों ने मांगों के निस्तारण के लिए ज्ञापन सौंपे। जयहरीखाल में पेयजल की समस्या के साथ ही इंटर कालेज के निर्माण कार्य की जांच व छात्रावास से कालेज को विद्यालय भवन में शिफ्ट करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। जबकि प्राथमिक स्वास्थ केंद्र जयहरीखाल के कर्मियों के लिए आवासीय भवनों के निर्माण समेत कूड़ा प्रबंधन की भी मांग की गई। सोमवार को भक्त दर्शन राजकीय महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सैलगांव के भूमिदाताओं ने 10 .4 एकड़ कर समाज निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी भक्त दर्शन की पुत्री मीरा चौहान को भी सम्मानित किया। क्षेत्र पंचायत प्रमुख दीपक भंडारी ने गुमखाल-देवडाली-सारी सड़क के डामरीकरण के साथ पीएमजीएसवाई की ओर से प्रखंड में बनाई गई सड़कों में गुणवत्ता की जांच की मांग उठाई। समिति ने इंटर कालेज को छात्रावास से विद्यालय भवन में शिफ्ट करने का मुद्दा भी रखा। ज्येष्ठ प्रमुख अजय शंकर ढौढियाल ने जयहरीखाल में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों के लिए आवसीय भवन बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा।

दैनिक जागरण

देहरादून, मंगलवार
22 नवंबर, 2022

# बच्चों का भविष्य बिगड़ने नहीं देंगे

## जयहरीखाल महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह में बोले मुख्यमंत्री

संवाद न्यूज एजेंसी

जयहरीखाल/कोटद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार बच्चों और युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। भर्तियों में पारदर्शिता लाई जाएगी।

उन्होंने भर्तियों में हुई गड़बड़ियों को लेकर कहा कि एसआईटी से कराई जांच में करीब 45 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। वर्तमान में युवाओं के लिए 7000 से अधिक नियुक्तियों की विज्ञप्ति जारी की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डॉ. भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल के स्वर्ण जयंती समारोह में ये बात कही।

बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते उन्होंने डॉ. भक्तदर्शन के जीवन को सभी के लिए प्रेरणादायक बताया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

सोमवार को महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उद्घाटन किया। हम उत्तराखंडी छां.. गीत पर छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति को सीएम ने खूब सराहा। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय की स्मारिका का अनावरण भी किया। समारोह में लैंसडौन विधायक दिलीप रावत, यमकेश्वर विधायक रेणू बिष्ट, राज्यमंत्री पंडित राजेंद्र प्रसाद अंथवाल, ब्लॉक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र सिंह राणा, ब्लॉक प्रमुख जयहरीखाल दीपक भंडारी, महाविद्यालय की प्राचार्य लवली रानी राजवंशी मौजूद रहे।



स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। संवाद

### मुख्यमंत्री ने की ये घोषणाएं

महाविद्यालय की छात्रावास की चहारदीवारी बनाने, कला और विज्ञान विषय के लिए पीजी ब्लॉक बनाने के लिए डीपीआर तैयार करने, एमए और एमएससी में संस्कृत, अंग्रेजी, भूगोल विषय में चरणबद्ध तरीके से संकाय खोलने, जयहरीखाल ब्लॉक में मिनी स्टेडियम बनाने, जीआईसी जयहरीखाल में आवासीय विद्यालय खोले जाने के मामले को सुलझाने की घोषणा की। इसी तरह सिंगटाली और बीन नदी में पुल का निर्माण कराने, नैनीडांडा और रिखणीखाल में वाटर फॉल को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने, आमटोला पेयजल योजना के निर्माण कराने और लैंसडौन विधानसभा क्षेत्र में नहरों की मरम्मत कराने का भी एलान किया।

### पुलिस गारद को किया सम्मानित

जयहरीखाल हेलीपैड पर उतरते ही मुख्यमंत्री को सलामी देने के लिए तैनात पुलिस की गारद ने सलामी दी। गारद के सलामी देने के तरीके से खुश होकर मुख्यमंत्री ने मौके पर ही गार्द कमांडर उप निरीक्षक रतन सिंह को 2500 रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। गार्द टीम में मुख्य आरक्षी दीपक, प्रदीप, दिगंबर, विजय सिंह, विकास, मनहर, संदीप और आदेश शामिल थे।

### विद्यालय को भूमि दान करने वालों का किया सम्मान

जयहरीखाल। सीएम ने स्वर्ण जयंती समारोह में डॉ. भक्तदर्शन सिंह रावत की बेटी मीरा चौहान समेत महाविद्यालय के लिए भूमि दान करने वाले स्यालगांव के ग्रामीण अमर सिंह, धर्मानंद, नरेंद्र सिंह, धन सिंह, औतार सिंह, विश्वेश्वर प्रसाद, विद्यादत्त, झगड़ सिंह, बलवंत सिंह, मोहन सिंह, सोहन सिंह, महेशा नंद, शिवानंद, विक्रम व बचन सिंह को सम्मानित किया। संवाद

देहरादून | मंगलवार, 22 नवंबर 2022

अमर उजाला

## नई शिक्षा नीति सर्वांगीण विकास में सहायक

जयहरीखाल। महाविद्यालय जयहरीखाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्नातक प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को विषय चयन के बारे में जानकारी दी गई। कहा गया कि नई शिक्षा नीति छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डॉ. लवनी रानी राजवंशी ने किया। डॉ. उमेश ध्यानी, डॉ. पंकज कुमार डॉ. कमल कुमार ने क्रमश : कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय में विषय चयन की जानकारियां दीं। कहा कि नई शिक्षा नीति में कौशल विकास पर फोकस किया.गया है। यह छात्रों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर डॉ. आरके द्विवेदी, प्राचार्य प्रो. लवनी रानी राजवंशी, डॉ. विनीता, डॉ. अभिषेक कुकरेती, डॉ. डीसी मिश्रा, डॉ. अर्चना नौटियाल, डॉ. डीसी बेबनी और डॉ. मोहम्मद शहजाद आदि मौजूद रहे। संवाद

अमर उजाला

देहरादून | शुक्रवार, 2 सितंबर 2022

## नई शिक्षा नीति से होगा छात्रों का कौशल विकास

जयहरीखाल। भक्त दर्शन पीजी कॉलेज जयहरीखाल के सभागार में नई शिक्षा मीति पर संगोष्ठी कराई गई। शुभारंभ प्राचार्य डॉ. लवनी रानी राजवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति से छात्रों का कौशल विकास होगा। कहा कि हम महाविद्यालय परिसर में ही कौशल विकास से संबंधित विषयों को प्रस्तावित एवं क्रियान्वयन कर सकते हैं। इस मौके पर डॉ. एसपी मधवाल, डॉ. उमेश ध्यानी, डॉ. वीके सैनी, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. कमल कुमार, डॉ. शहजाद, डॉ. अजय रावत, डॉ. डीसी बेवनी, डॉ. अभिषेक कुकरेती मौजूद रहे। संवाद

अमर उजाला

देहरादून | शनिवार, 3 सितंबर 2022

# माहवारी के दौरान स्वच्छता पर दें ध्यान : स्मृता परमार

संवाद सहयोगी, लैंसडौन : उपजिलाधिकारी स्मृता परमार ने कहा कि माहवारी के दौरान स्वच्छता पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। ऐसा करने से संक्रामक बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने मासिक चक्र के दौरान होने वाले बदलावों को विस्तारपूर्वक समझाया।

डा.भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तराखंड सिविल सर्विस वाइव्स एसोसिएशन के तत्वावधान में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के रूप में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम ने युवतियों को पोषण, माहवारी स्वच्छता व सैनेटरी नैपकिन आदि के उपयोग के बारे में जागरूक किया। प्राचार्य डा. लवनी आर राजवंशी ने कहा कि मासिक चक्र की शुरुआत वाली उम्र में किशोरियों को सही सलाह की बहुत जरूरत होती है। पीएचसी जयहरीखाल की डा. शिवांगी यादव ने मासिक धर्म संबंधी छात्राओं की समस्याओं का निवारण किया। मेडिकल टीम ने छात्राओं का हीमोग्लोबिन, बीएमआइ का परीक्षण किया। इस मौके पर महाविद्यालय को सेनेटरी पैड्स वेंडिंग मशीन प्रदान की गई।

**निबंध में दीपा रही प्रथम**

'मासिक धर्म सामाजिक संकुचिता, मानसिकता एवं जागरूकता' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें शिक्षा संकाय की दीपा प्रथम, कला संकाय की शालिनी द्वितीय व शिक्षा संकाय की सौम्या कुकरेती तृतीय रही। पोस्टर प्रतियोगिता में आकांशा बिष्ट प्रथम, अभिनिता द्वितीय व नीशीन तृतीय रही। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सेनेटरी पैड्स वेंडिंग मशीन दी गई।

**दैनिक जागरण**
देहरादून, 29 जुलाई, 2022

## मासिक धर्म जागरूकता पर गोष्ठी

जयहरीखाल। राजकीय महाविद्यालय में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर गोष्ठी के साथ निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्तराखंड सिविल सर्विस वाइव्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम लैंसडौन स्मिता परमार ने शुभारंभ किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की डॉ. शिवांगी यादव ने छात्राओं को मासिक धर्म संबंधी समस्याओं का निवारण किया। मासिक धर्म सामाजिक संकुचिता, मानसिकता एवं जागरूकता विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में दीपा ने प्रथम, शालिनी ने द्वितीय और सौम्य कुकरेती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर में आकांशी बिष्ट ने पहला, अभिनिता ने दूसरा और नौशीन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संवाद

**अमर उजाला**
देहरादून | शुक्रवार, 29 जुलाई 2022

## किशोरियों को जागरूक किया

कोटद्वार। माहवारी या मासिक चक्र के दौरान अगर स्वच्छता पर ध्यान न दिया जाए तो संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इन खास दिनों में होने वाले बदलावों को समझने के लिए किशोरियों और महिलाओं को जागरूक करने के लिए स्व. भक्त दर्शन राजकीय महाविद्यालय जयहरीखाल के सभागार में उत्तराखंड सिविल सर्विस वाइफ्स एसोसिएशन की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

लैंसडौन उपजिलाधिकारी स्मिता परमार ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने किशोरियों को पोषण, माहवारी स्वच्छता और सेनेटरी नैपकिन आदि के उपयोग के बारे में जागरूक किया। प्राचार्य प्रो.लवनी आर राजवंशी ने कहा कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बहुत जरूरी होती है। स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिए जाने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। माहवारी में असुरक्षित साधनों के इस्तेमाल की जगह सुरक्षित साधन जैसे सेनेटरी पैड के इस्तेमाल सुनिश्चित करना चाहिए।

**हि हिन्दुस्तान**
देहरादून, शुक्रवार, 29 जुलाई 2022

Govt. P.G. College Jaiharikhal (Pauri)




# भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में अभिविन्यास कार्यक्रम हुआ आयोजित

## कार्यक्रम में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को विभिन्न विषयों व क्रियाकलापों की दी जानकारी

कोटद्वार (दैनिक हाक): भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बीए, बीएससी, बीकॉम के प्रथम सेमिस्टर का अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डॉ. लवनी रानी राजवंशी द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अनेक नव प्रवेशित छात्र- छात्राएं भी उपस्थित थे।

आयोजित कार्यक्रम में डॉ. आरके द्विवेदी द्वारा नव प्रवेशित छात्र -छात्राओं का महाविद्यालय में स्वागत कर महाविद्यालय में विभिन्न विषयों में कार्यरत प्राध्यापकों से उनका परिचय करवाया। तत्पश्चात उन्हें महाविद्यालय के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देकर यहाँ संचालित विभिन्न क्रियाकलापों एनसीसी/एनएसएस/रोवर्स रेंजर्स व क्रीड़ा आदि की जानकारी प्रभारियों के माध्यम से छात्र -छात्राओं को दी गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कला संकाय के संदर्भ में डॉ. उमेश ध्यानी व वाणिज्य संकाय के संदर्भ में डॉ. पंकज कुमार द्वारा विषय चयन सम्बन्धित जानकारी दी गई। जिससे छात्र-छात्राओं को विषयों के चयन में कोई समस्या न हो। विज्ञान संकाय से डॉ. कमल कुमार द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को दो मुख्य, एक मुख्य इलेक्टिव, एक माइनर, एक कौशल विकास व एक सह -पाठ्यक्रम विषय का चयन किए जाने की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. डॉ. लवनी रानी राजवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि तीनों संकायों के हैड के रूप में कला संकाय से डॉ. अजय रावत, डॉ. अभिषेक कुकरेती, डॉ. शिप्रा, डॉ. वन्दना ध्यानी, विज्ञान संकाय से डॉ. एसपी मधवाल, डॉ. कमल कुमार, डॉ. गुंजन आर्य एवं वाणिज्य संकाय से डॉ. पंकज कुमार नव प्रवेशित छात्र -छात्राओं के मार्गदर्शक व पथ प्रदर्शक का कार्य करेंगे। उन्होंने नव प्रवेशित छात्र -छात्राओं से महाविद्यालय में शैक्षणिक, स्वच्छता व शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग करने की अपील भी की।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्रो. एसपी मधवाल, डॉ. कमल कुमार, एनसीसी प्रभारी डॉ. पंकज कुमार, रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ. विनीता व डा. अभिषेक कुकरेती, एनएसएस प्रभारी डॉ. डीसी मिश्रा व डॉ. गुंजन आर्य, डॉ. अर्चना नौटियाल, डॉ. डीसी बेबनी, डॉ. मोहम्मद शहजाद, डॉ. शिप्रा, डॉ. वंदना ध्यानी, डॉ. पवनीका चंदोला, डॉ. संजय मदान, डॉ. आरके द्विवेदी, डॉ. वरुण कुमार, डॉ. वीके सैनी, डॉ. अजय रावत, डॉ. शुभम काला, डॉ. प्रीति रावत, डॉ. श्रद्धा भारती, डॉ. कृतिका क्षेत्री, डॉ. उमेश ध्यानी, डॉ. भगवती प्रसाद पंत, डॉ. नीना शर्मा, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. शेफाली, डॉ. प्रदीप व डॉ. रेखा यादव कार्यक्रम में उपस्थित रहे।





**दैनिक जागरण**
देहरादून, 24 जून, 2022

## महाविद्यालय को दी मशीन

कोटद्वार : सिविल सर्विसेज आफीसर्स वाइव्स एसोसिएशन की ओर से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (जयहरीखाल) को सेनेटरी मशीन उपलब्ध करवाई गई। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर लैंसडौन तहसील की उपजिलाधिकारी अस्मिता परमार ने छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. लवनी राजवंशी ने कहा कि एसोसिएशन की ओर से समय-समय पर सामाजिक कार्यों में अपना योगदान दिया जाता है। इस मौके पर डा. पवनिका चंदोला, डा. नेहा शर्मा, शेफाली रावत आदि मौजूद रहे। (संस)

**अमर उजाला**
देहरादून | बृहस्पतियार, 23 जून 2022

## कॉलेज में सेनेटरी पैड मशीन लगाई

जयहरीखाल। कॉलेज में सेनेटरी पैड मशीन लगाई गई। उत्तराखंड सिविल सर्विसेज ऑफीसर्स वाइव्स एसोसिएशन (संजीवनी) की ओर से उपलब्ध कराई गई मशीन का एसडीएम स्मिता परमार ने शुभारंभ किया। संवाद

हिन्दुस्तान । देहरादून, रविवार, 29 मई 2022

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में हुआ आयोजन

# मेधावी छात्रों का सम्मान किया

**आयोजन**

- विधायक महंत दिलीप ने बांटे पुरस्कार
- छात्रों ने दी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति

कोटद्वार, संवाददाता। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

मौके पर कला संकाय से वर्णिका बिष्ट व ऋतु, वाणिज्य संकाय से प्राची राणा व विज्ञान संकाय से देवांश रावत को मेधावी छात्र-छात्रा के तौर पर पुरस्कृत किया गया। साथ ही खेलों में चैंपियन निशांत बिष्ट व निक्की ने मुख्य अतिथि से ट्रॉफी प्राप्त की।

समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक महंत दिलीप रावत ने कहा कि भक्तदर्शन के नाम से स्थापित इस महाविद्यालय की गरिमा को उनके नाम के अनुरूप बनाना होगा और इसके लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती आयोजन को भव्य रूप से मनाने का आह्वान भी किया। उन्होंने छात्रों की ओर से प्रस्तुत मांग पत्र पर महाविद्यालय को पेयजल भंडारण टैंक, दो वाटर कूलर और सौर ऊर्जा लाइट प्रदान करने की घोषणा भी की।

प्राचार्य लवनी आर राजवंशी ने महाविद्यालय की विस्तृत आख्या प्रस्तुत करते हुए नैक प्रत्यायन के लिए आवश्यकताओं को स्पष्ट किया। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, राजस्थानी व कुमाउनी नृत्य प्रस्तुत किए। साथ ही मुख्यमंत्री टैबलेट वितरण योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को टैबलेट भी वितरित किए गए। इस दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



जयहरीखाल में शनिवार को छात्राओं को टैबलेट देते विधायक महंत दिलीप।



पीजी कालेज जयहरीखाल में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते विधायक दिलीप रावत। संवाद

# 'कठोर परिश्रम व अनुशासन ही जीवन में सफलता की कुंजी'

## पीजी कालेज, जयहरीखाल के हीरक जयंती कार्यक्रम में बोले लैंसडौन विधायक

संवाद न्यूज एजेंसी

जयहरीखाल। भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान खेलकूद, परीक्षा व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विधायक दिलीप रावत ने कहा कि कठोर परिश्रम व अनुशासन ही जीवन में सफलता की कुंजी है।

वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक दिलीप रावत ने किया। उन्होंने छात्रों से अपने सपनों एवं लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। इस दौरान विधायक ने महाविद्यालय में पानी के टैंक का निर्माण, वाटर कूलर और सोलर लाइट देने की घोषणा की। साथ ही महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर भौतिक विज्ञान एवं गणित विषय के संचालन के लिए अपने स्तर से प्रयास करने का भरोसा दिया। प्राचार्य प्रो. लवनी रानी राजवंशी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। प्रवक्ता डॉ. उमेश ध्यानी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। छात्रसंघ अध्यक्ष अभिलाषा एवं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि प्रेरणा रावत ने महाविद्यालय की समस्याएं रखीं।

इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। बीएड संकाय की छात्राओं की ओर से प्रस्तुत नंदा देवी राजजात यात्रा मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर अब लगुलु मंडाण..., रंगीलो मारो ढोलना..., बांद छौ पहाड़ की..., नगाड़ा संग ढोल बाजे... आदि गीतों पर प्रस्तुतियों ने खूब वाहवाही बटोरीं। समारोह में क्रीड़ा चैंपियन निशांत एवं निक्की के अलावा मेधावी व खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

समारोह में विशिष्ट अतिथि सतपुली महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार, भाजपा नेता ऋषि कंडवाल, अजय शंकर, प्रो. एसपी मधवाल, डा. दिवाकर बेबनी, डॉ. पंकज बहुगुणा, डॉ. वीके सैनी, डॉ. कमल कुमार, डॉ. आरके द्विवेदी, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. डीसी मिश्रा, मो. शहजाद, पंकज कुमार टम्टा, आशीष राणा आदि मौजूद रहे। समारोह का संचालन डॉ. डीसी बेबनी ने किया।

अमर उजाला

देहरादून | शनिवार, 28 मई 2022

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**लैंसडौन:** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। शुक्रवार को वार्षिकोत्सव का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक दिलीप रावत ने किया। इस मौके पर छात्रों की ओर से राजस्थानी, गढ़वाली समेत देश-प्रदेश की लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में खेल प्रतियोगिताओं समेत अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए निशांत व निक्की को अपने-अपने वर्गों में चैंपियनशिप ट्राफी दी गई। विधायक दिलीप रावत ने महाविद्यालय को दो वाटर कूलर देने की घोषणा की। साथ ही रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति का भरोसा दिलाया। विशिष्ट अतिथि सतपुली महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय कुमार ने छात्रों से संस्कारवान बनने का आह्वान किया। महाविद्यालय अभिभावक समिति के अध्यक्ष सर्वेश्वर प्रसाद ने स्नातकोत्तर कक्षाओं पर विधायक का ध्यान उत्कृष्ट करवाया। (संस)

दैनिक जागरण देहरादून, 28 मई, 2022